वर्ष: 3 | अंक: 66

जयपुर, बुधवार, 14 फरवरी, 2024 | माघ, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080

पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



# दुनिया की किताब पर वक्त की कलम से भविष्य लिख रहे भारत-यूएई

**एजेंसी** | अबू धाबी

शेख जायद स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज मैं अपने परिवार के सदस्यों से मिलने आया है। समुद्र पार जिस देश की मिट्टी में आपने जन्म लिया, उस मिट्टी की खुशबू मैं आपके लिए लेकर आया हूं। 140 करोड़ भारतीय भाई-बहनों को आप पर गर्व है।



**'मोदी है तो मुमकिन है' लोगों ने लगाए नारे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबू धाबी के एक होटल में पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने 'मोदी-मोदी, मोदी है तो मुमकिन है और भारत माता की जय' के नारे लगाए। मोदी ने भारतीय लोगों का अभिवादन किया।

'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की सुंदर तस्वीर आपकी आवाज आज आसमान से पार जा रही है। यह पल मेरे लिए अभिभूत करने वाला है। यहां पहुंचे सभी लोगों का मैं आभारी हूं। पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की आपकी यह आवाज आज अबू धाबी से बाहर जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मेरे साथ शेख नाहयान भी मौजूद हैं। जो भारत और भारतीय समुदाय के अच्छे मित्र हैं। आज के इस शानदार आयोजन के लिए मैं शेख बिन जायद का आभार व्यक्त करता हूं। गर्मजोशी भरा यह समारोह उनके सहयोग के बिना संभव नहीं था।'पीएम मोदी ने भारत और यूएई वक्त की कलम से दुनिया की किताब पर एक बेहतर भाग्य का हिसाब लिख रहे हैं। भारत और यूएई की दोस्ती हमारी साझा दौलत है। हकीकत में हम अच्छे भविष्य की बेहतरीन शुरुआत कर रहे हैं। आप सोचिए, कलम, किताब, हिसाब, दुनिया, जमीन ये हिंदुस्तान में कितनी सहजता से बोले जाने वाले शब्द हैं। वहां ये शब्द कैसे पहुंचे हैं, यहां खाड़ी क्षेत्र से पहुंचे हैं। हम दोनों देशों का नाता सैकड़ों वर्षों का है। भारत की कामना है कि यह ऐसा ही दिनोदिन मजबूत होता रहे।

**अंतरिक्ष में भी भारत-यूएई की दोस्ती का परचम:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, 'अब अबू धाबी में भव्य दिव्य मंदिर के लोकार्पण का ऐतिहासिक समय आ गया है। भारत-यूएई की दोस्ती जितनी जमीन पर मजबूत है, उतना ही उसका परचम अंतरिक्ष में भी लहरा रहा है। मैं स्पेस में समय बिताने वाले यूएई के पहले अंतरिक्ष यात्री को बधाई देता हूं।


पेज 10 भी देखें

### यूएई का सर्वोच्च नागरिक सम्मान करोड़ों भारतीयों का सम्मान'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमें भी चार बार शेख नाहयान का भारत में स्वागत करने का अवसर मिला है। पहले वह गुजरात आए थे, तब लाखों लोग उनका आभार व्यक्त करने के लिए सड़क के दोनों ओर जमा हो गए थे। आप जानते हैं कि ये आभार किसलिए था। आभार इसलिए था कि वह जिस तरह यूएई में आप सभी का ध्यान रखते हैं, आपके हितों की चिंता करते हैं, ऐसा कम ही देखा गया है। पीएम मोदी ने कहा, यह भी मेरा सौभाग्य है कि यूएई ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद से सम्मानित किया। यह सिर्फ मेरा सम्मान नहीं है बल्कि करोड़ों भारतीयों का सम्मान है, आप सभी का सम्मान है।

## जरूरी खबर

### जयपुर एयरपोर्ट पर पकड़ा 1.34 करोड़ का सोना



**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की टीम ने जयपुर एयरपोर्ट पर 2 किलो से ज्यादा तस्करी का सोना पकड़ा है। कस्टम विभाग की टीम ने एयरपोर्ट पर दो यात्रियों से करीब 1.34 करोड़ रुपए कीमत का 2 किलो 90 ग्राम सोने का पेस्ट बरामद किया है। यात्री रेक्टम के अंदर लिक्विड फॉर्म में कैप्सूल के अंदर भरकर सोने की तस्करी कर रहे थे। रेक्टम में लिक्विड फॉर्म में 2 किलो 90 ग्राम सोना बरामद हुआ है। यात्री तस्करी का सोना लेकर मस्कट से जयपुर पहुंचे थे।

### कन्हैया हत्याकांड: NIA कोर्ट ने तय किए आरोप



**जयपुर।** उदयपुर जिले में कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों को विशेष अदालत ने आरोप सुनाए हैं। एनआईए विशेष अदालत ने 9 आरोपियों को आरोप सुनाए। सुनवाई के दौरान इस पर कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को कहा है कि वह 2 मार्च से अभियोजन पक्ष के गवाह पेश करें। जेल प्रशासन ने अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल से आरोपी रियाज अत्तारी, गौस मोहम्मद, आसिफ हुसैन, मोहसिन, मोहम्मद मोहसिन, वसीम अली, मोहम्मद जावेद और मुस्लिम खान को कोर्ट में पेश किया। जमानत पर चल रहा आरोपी फरहाद मोहम्मद भी कोर्ट में पेश हुआ। अदालत ने उनके आरोप तय कर दिए।

## विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने किया दिल्ली कूच

# पहले दिन ही किसानों का आंदोलन हुआ उग्र

### शंभू बॉर्डर पर बवाल... जींद में चलीं लाठियां

### DSP समेत 19 पुलिसकर्मी और 100 से अधिक किसान घायल, पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर डटे रहे 10 हजार किसान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

एमएसपी गारंटी कानून और कर्जमाफी समेत 12 मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों ने सरकार से वार्ता विफल होने के बाद मंगलवार सुबह दिल्ली के लिए कूच कर दिया। पंजाब के विभिन्न इलाकों से ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर टेंट और राशन लेकर निकले किसानों को हरियाणा के बॉर्डर पर रोक दिया गया है। सील किए गए पटियाला के शंभू और जींद के दातासिंह वाला बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों की बीच कई बार टकराव हुआ। पथराव और बैरिकेड तोड़ने की कोशिश कर रहे किसानों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन और रबड़ की गोलियां चलाईं।

जींद में किसानों पर लाठियां भी बरसाई गईं। दोनों बॉर्डर पर हुए टकराव में 100 किसान व अंबाला के नारायणगढ़ के डीएसपी समेत 19 जवान घायल हुए हैं। वहीं, पंजाब से सटी हरियाणा की सभी 14 सीमाओं पर करीब 20 हजार किसान जमा हैं। उनको रोकने के लिए हरियाणा में अर्धसैनिक बलों की 64 कंपनियां और पुलिस की 50 कंपनियां तैनात की गई हैं। अभी तक हरियाणा के किसी भी बॉर्डर से पंजाब के किसान आगे नहीं बढ़ पाए हैं। रात 8 बजे किसानों ने ऐलान किया कि अब वे बुधवार को दिल्ली के लिए कूच करेंगे। रात को किसानों ने वहीं डेरा डाल दिया।

पेज 8 भी देखें




### दिनभर तनाव, आंसू गैस के गोले पथराव और पानी की बौछारें

शंभू बॉर्डर पर दिनभर तनाव के हालात बने रहे। किसानों की तरफ से पथराव किए जाने पर दिन में पांच बार किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच टकराव के हालात बने। शंभू बॉर्डर पर सुबह से ही किसान जमा होने लगे थे। करीब 11 बजे किसानों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जो पंजाब सीमा में 300 मीटर अंदर तक गिराए गए। सुरक्षाबलों ने ड्रोन की सहायता से खेतों और घग्गर किनारे जमा किसानों की भीड़ पर भी आंसू गैस के गोले दागे। शंभू बॉर्डर पर शाम तक करीब चार हजार किसान 800 ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंच चुके थे। यहां आंसू गैस की वजह से मची भगदड़ में कुछ किसान भी घायल हो गए। उधर, पंजाब के खनौरी से आने वाले किसानों का जींद के दातासिंह वाला बॉर्डर पर टकराव हुआ। पंजाब के किसान सड़क पर बिछाई गई कीलें निकाले लगे तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ने शुरू कर दिए और पानी की बौछारें भी कीं। इससे एक बार तो किसान पीछे हट गए, लेकिन कुछ देर बाद ही फिर सड़क पर आ डटे और कीलें निकालने लगे। पुलिस ने दोबारा आंसू गैस के गोले छोड़े। यहां काफी संख्या में हरियाणा के किसान भी पंजाब की तरफ पहुंच गए और प्रदर्शनकारियों का साथ देने लगे। शाम को पंजाब के किसानों का एक और जत्था बॉर्डर पर पहुंच गया था। इसके बाद किसानों ने एक बार फिर बैरिकेड तोड़ने का प्रयास किया तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले चलाए। इस टकराव में हरियाणा पुलिस के 10 कर्मचारी, अर्द्धसैनिक बल के तीन जवान और 12 किसान घायल हुए हैं। यहां करीब आठ हजार किसान जमा हैं।

### सरकार चर्चा के लिए तैयार: ठाकुर

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार पहले दिन से किसान कल्याण के लिए काम कर रही है। पिछले 10 वर्षों में किसान कल्याण के लिए कई योजनाएं लाई गईं जिन्होंने धरातल पर देश के करोड़ों किसानों को लाभ पहुंचाया। किसानों से बातचीत के मुद्दे पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार हमेशा चर्चा के लिए तैयार रहती है। जब भी मांग उठती है तब सरकार खुद आगे आती है। इस बार भी हमारे मंत्री चंडीगढ़ गए और लगातार कई घंटे रात में चर्चा के लिए बैठे रहे, लेकिन प्रदर्शनकारी बातचीत से पहले ही चले गए। सरकार आगे भी चर्चा के लिए तैयार है।

### स्वागत... राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचीं जयपुर



*जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को सूरत से सेना के विशेष विमान से जयपुर पहुंचीं। सांगानेर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनकी अगवानी की। जयपुर पहुंचने के बाद वे सीधे राजभवन गईं, जहां उनका राज्यपाल कलराज मिश्र ने स्वागत किया। राष्ट्रपति बुधवार को मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करेंगी। उसके बाद वे डूंगरपुर स्थित बेणेश्वर धाम जाएंगी।*

**राज्यसभा चुनाव: नामांकन के वक्त मौजूद रहेंगे राहुल और खरगे**

# सोनिया आज जयपुर आकर भरेंगी अपना नॉमिनेशन!

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस लीडर सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। सूत्रों के मुताबिक सोनिया का नॉमिनेशन राजस्थान से दायर किया जाएगा। इस दौरान उनके साथ राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहेंगे। सोनिया के राजस्थान से राज्यसभा जाने की बात लगभग फाइनल हो गई है।

इससे पहले यह चर्चा हो रही थी कि वह राजस्थान या हिमाचल प्रदेश से नामांकन दायर कर सकती हैं। दरअसल, कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के साथ सीट बंटवारा करना है। ऐसे में प्रमुख नेताओं ने राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी के संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन के नाम संभावित उम्मीदवारों में सबसे अहम हैं। सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी को राजस्थान या हिमाचल प्रदेश से उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है। संख्या बल के हिसाब से दोनों प्रदेशों से कांग्रेस को राज्यसभा की एक-एक सीट मिलेगी।



**सोनिया ने 2019 के लोकसभा चुनाव को कहा था आखिरी:** सोनिया गांधी के इस बार लोकसभा लड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में कहा था कि यह आखिरी बार है, जब वह आम चुनाव लड़ रही हैं। अगर सोनिया गांधी को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया जाता है, तो उनके संसदीय जीवन में पहली बार होगा कि वह उच्च सदन में जाएंगी। सोनिया गांधी 1999 से लोकसभा सदस्य रही हैं। कांग्रेस ने 15 राज्यों की 56 सीट के लिए होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए अभी तक किसी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है और चुनाव 27 फरवरी को होंगे।

**पुलिसकर्मियों को सौगात**

# RPS, इंस्पेक्टर-सब इंस्पेक्टर को भी मिलेगा हर वर्ष 10 हजार का वर्दी भत्ता

- प्रदेश के साढ़े चार हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों को मिलेगा फायदा
- अब तक कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, सहायक सब इंस्पेक्टर और आईपीएस को ही मिलता था वर्दी भत्ता

**बेधड़क** | जयपुर

सरकार ने अब हर साल पुलिसकर्मियों को वर्दी भत्ता देने की बड़ी सौगात दी है। पुलिस मुख्यालय द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी दे दी। अब एडिशनल एसपी, डिप्टी एसपी, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर को भी अन्य पुलिसकर्मियों की भांति हर साल 10 हजार रुपए का वर्दी भत्ता मिलेगा। अब कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, सहायक सब इंस्पेक्टर और आईपीएस रैंक के अफसरों को ही वर्दी भत्ता मिलता था। इससे पहले आरपीएस, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर का सात साल में केवल एक दफा 7 हजार रुपए वर्दी भत्ता के मिलते थे। इस संबंध में आरपीएस रैंक, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर रैंक के अफसरों ने पुलिस मुख्यालय को हर साल वर्दी भत्ता देने की मांग की थी। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजे थे। सरकार ने प्रस्ताव को अब सभी पुलिसकर्मियों को हर साल वर्दी भत्ता देने के लिए मंजूर कर दिया।

सरकार की मंजूरी मिलने से 4500 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को फायदा मिलेगा। प्रदेश में करीब एक लाख पुलिसकर्मी है। इनमें से करीब 70 हजार पुलिसकर्मी पुलिस थानों में तैनात है, जबकि 30 हजार के करीब पुलिस के ऑफिस व सुरक्षा में तैनात है।



### आईपीएस को 20 हजार और कांस्टेबल-हैड कांस्टेबल व एएसआई को 7500

पड़ताल में सामने आया कि आईपीएस अधिकारियों को सबसे ज्यादा 20 हजार रुपए सालाना वर्दी भत्ता मिलता है, जबकि कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल व सहायक सब इंस्पेक्टर रैंक के अफसरों को पिछले पांच साल से हर साल 7500 रुपए वर्दी भत्ता मिल रहा है, जबकि आरपीएस रैंक, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर को भी हर साल 10 हजार रुपए वर्दी भत्ता मिलेगा। प्रदेश में पुलिस में 222 आईपीएस, 876 आरपीएस, 1121 इंस्पेक्टर, 2554 सब इंस्पेक्टर, 4767 सहायक सब इंस्पेक्टर, 15911 हेड कांस्टेबल और 71 हजार 858 कांस्टेबल रैंक के पुलिसकर्मी कार्यरत है।

## जरूरी खबर

### वन मंत्री ने पांडुपोल हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना



**बेधड़क. जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने मंगलवार को पांडुपोल पहुंचकर सरिस्का स्थित पांडुपोल हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जन-जन के आस्था के केन्द्र पांडुपोल हनुमानजी के दर्शन के लिए वन विभाग से हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए अलवर जिले के साथ अब भिवाड़ी के वाहनों के लिए भी 31 मार्च तक निःशुल्क प्रवेश की अधिसूचना जारी की गई है। इससे श्रद्धालुओं को सहुलियत मिलेगी।

### आरपीएससी में पदोन्नति समिति की हुई बैठक

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ.जसवंत सिंह राठी की अध्यक्षता में मंगलवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग (पंचायती राज विभाग) की पदोन्नति समिति बैठक आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ वेतन श्रृंखला के राजस्थान ग्रामीण विकास सेवा के वर्ष 2021-22 के पदोन्नति प्रकरणों के लिए रिव्यू एवं वर्ष 2023-24 के वरिष्ठ तथा चयनित वेतन श्रृंखला के प्रकरणों के लिए नियमित डीपीसी का आयोजन किया गया। बैठक में शासन सचिव एवं आयुक्त पंचायती राज विभाग रवि जैन, भू प्रबंधक अजमेर अनिता चौधरी (प्रतिनिधि कार्मिक विभाग) एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### भिवाड़ी औद्योगिक इकाइयों में जल उपयोग पर चर्चा



बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने निर्देश दिए कि भिवाड़ी क्षेत्र में उपचारित औद्योगिक जल एवं सीवेज को प्राथमिकता से पुनः उपयोग में लेने के बाद अतिरिक्त जल को जलाशयों में छोड़ें। पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में राष्ट्रीय राजमार्ग- 48 पर धारूहेड़ा के पास जल भराव स्थिति की समीक्षा एवं समस्या के समाधान के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि घरेलू शोधित जल का उपयोग बागवानी, कृषि कार्यों, सड़कों पर छिड़काव एवं भवन निर्माण आदि में करना सुनिश्चित किया जाए। भिवाड़ी नगर परिषद द्वारा सीवर लाइन एवं घरेलू कनेक्शन से सम्बन्धित कार्य तुरंत पूर्ण किया जाए।

**भजनलाल सरकार का कदम:** कैबिनेट सब कमेटी की बैठक आयोजित, 16 विभागों के मामलों पर गहन मंथन

# गहलोत राज के 200 बड़े फैसलों की समीक्षा करेगी सरकार

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की नई भजन लाल सरकार ने पिछली गहलोत सरकार के 200 से ज्यादा बड़े फैसलों और विवादित टेंडरों पर नजर गड़ाना शुरू कर दिया है।

सरकार ने पिछले दिनों ही गहलोत राज के फैसलों का रिव्यू करने के लिए कैबिनेट सब कमेटी की घोषणा की थी। इसके बाद मंगलवार को इस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें 16 विभागों पर मामलों पर गहन चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट सब कमेटी की बैठक में यह तय किया गया कि अब हर विभाग के मंत्री और प्रमुख सचिव गहलोत राज के फैसलों की अपने स्तर पर जांच करेंगे। इसके बाद मंत्री और प्रमुख सचिव के स्तर पर स्क्रूटनी होने के बाद कैबिनेट सब कमेटी को फाइनल फैसले के लिए मामले भेजे जाएंगे। यह जानकारी कैबिनेट सब कमेटी के अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने इस बैठक के बाद मीडिया को बताई। इस बैठक में सबसे ज्यादा यूडीएच के 40 मामले फिर विधि, खेल, कला और पीडब्ल्यूडी के मामलों पर भी चर्चा की गई।



### हर मंगलवार को होगी रिव्यू बैठक

पिछले सरकार के फैसलों को रिव्यू करने के लिए कमेटी की हर मंगलवार को बैठक होगी। इन बैठकों में गहलोत राज के फैसलों का विभागवार रिव्यू करके उन्हें बदलने या जारी रखने पर फैसला होगा। गहलोत सरकार के पिछले बजट में की गई सभी घोषणाएं रिव्यू के दायरे में आ गई हैं। महिलाओं को फ्री मोबाइल देने की योजना को कमेटी बंद करने की राय दे सकती है। फिलहाल इस योजना की जांच और रिव्यू का काम चल रहा है। फ्री राशन किट योजना पर भी फिर से विचार होगा। फ्री स्कूल ड्रेस बांटने की योजना का भी स्ट्रक्चर बदलना तय माना जा रहा है।

### पांच साल के सभी बड़े टेंडरों की जांच

गहलोत राज में हर विभाग में हुए सभी बड़े टेंडरों की छानबीन का काम चल रहा है। पीडब्ल्यूडी, जलदाय, बिजली, महिला बाल विकास, आईटी विभाग के सभी बड़े टेंडरों की जांच शुरू हो गई है। पहले हर मंत्री और प्रमुख सचिव अपने स्तर पर विवादित टेंडरों की जांच करेंगे। इसके बाद कमेटी उन पर आगे एक्शन लेने की सिफारिश अपनी रिपोर्ट में करेगी।

### नये कामों के टेंडर पर रोक

प्रदेश में भाजपा की नई सरकार ने आते ही सभी विभागों में नए टेंडरों और वर्क ऑर्डर जारी करने पर रोक लगा दी थी। कुछ जरूरी टेंडरों और वर्क ऑर्डर जारी करने पर भी मुख्यमंत्री से मंजूरी लेने को कहा गया है। कैबिनेट सब कमेटी गहलोत राज में सरकारी टेंडरों की तय बीएसआर रेट से ज्यादा पर हुए एक करोड़ से ज्यादा के सभी टेंडरों की जांच कर रही है। नए टेंडरों और वर्क ऑर्डर जारी करने पर रोक के पीछे भी यही कारण है। पीडब्ल्यूडी में उन योजनाओं के टेंडरों और वर्क ऑर्डर पर पिछले दिनों रोक हटाई थी, जो केंद्र सरकार की योजनाओं के हैं। बाकी सभी विभागों में रोक बरकरार है।

**शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति अनावरण** समारोह में बोले सीएम...

# बलिदान की कोई कीमत नहीं, शहीद युवाओं के प्रेरणा स्रोत

■ शहीद के नाम पर पीएचसी और 500 मीटर सड़क के निर्माण की घोषणा

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसान, युवा एवं सैनिक कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने अपने पहले बजट में किसानों को देय सम्मान निधि की राशि 2 हजार रुपए बढ़ाकर 8 हजार करने एवं गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल 125 रुपए का अतिरिक्त बोनस देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं।

मुख्यमंत्री मंगलवार को शाहपुरा के गोविंदपुरा (बासड़ी) में शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति अनावरण समारोह में संबोधित कर रहे थे। शहीद लांबा को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले इस बेटे को देश हमेशा याद रखेगा। मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके बलिदान की कीमत नहीं आंकी जा सकती।

वे देश व प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है। इस अवसर पर उन्होंने गोविंदपुरा (बासड़ी) में शहीद रोहिताश लांबा के नाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने एवं 500 मीटर सड़क के निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति का अनावरण एवं पट्टी का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर विधायक कुलदीप धनखड़, जिला प्रमुख रमा देवी चैपड़ा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, सीआरपीएफ महानिरीक्षक विक्रम सहगल सहित वीरांगनाओं और उनके परिजन तथा आमजन समारोह में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री शर्मा ने वीरांगनाओं को शॉल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।



### एंटी गैंगस्टर टास्कफोर्स गठित

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय के विचार को केन्द्र में रखकर कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को भरपूर राहत प्रदान कर रही है। हमारी सरकार प्रदेश की महिलाओं को 450 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध करवाकर आर्थिक राहत पहुंचा रही है। साथ ही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि भी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को गैंगवार से मुक्त करने की दिशा में राज्य सरकार सख्त कदम उठा रही है। इस संबंध में एंटी गैंगस्टर टास्कफोर्स गठित की गई है एवं जेलों का सघन निरीक्षण भी किया जा रहा है।

### मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय

मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय हुआ है। भारत सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए आतंकवाद पर कड़े प्रहार कर रही है। 26 जनवरी, 2019 को बालाकोट एयर स्ट्राइक कर भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में भारत को विश्वगुरू बनाने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आज देश इस पथ पर तेजी से अग्रसर है और शीघ्र ही भारत विश्वगुरू बनेगा। वहीं उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है कि वे दिन-रात देश की सीमाओं पर मुस्तैद रहकर हमारी रक्षा करते हैं। उनके त्याग एवं समर्पण और मातृभूमि की रक्षा करने वाली भावना से आज के युवा प्रेरणा लें। इस दौरान कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबरमल खर्रा ने भी समारोह को संबोधित किया।

**ब्यूरोक्रेसी में फेरबदल**

## 33 आईएएस बदले, कई कलेक्टर इधर-उधर

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान की भजन लाल सरकार ने एक हफ्ते बाद फिर से आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। जारी आदेशों के अनुसार आलोक को अतिरिक्त मुख्य सचिव उर्जा विभाग, जयपुर, अपर्णा अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जयपुर, दिनेश कुमार प्रमुख शासन सचिव, राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग, जयपुर, नवीन महाजन अध्यक्ष एवं प्रबंन्ध निदेशक, राज्य भण्डारण निगम, जयपुर, भानू प्रकाष एटूरु अध्यक्ष डिस्कॉम्स, जयपुर एवं प्रबन्ध निदेशक जयपुर विधुत वितरण निगम लिमेटेड, सरवण कुमार शासन सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुर, उर्मिला राजोरिया संभागीय आयुक्त कोटा, सुधीर कुमार शर्मा शासन सचिव, सामान्य प्रशासन, मंत्रिमंडल सचिवालय, संपदा, स्टेट मोटर गैजेट, एवं पदेन चीफ ऑफ प्रोटॉकॉल, प्रतिभा सिंह संभागीय आयुक्त, पाली, सुषमा अरोड़ा प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम एवं आयुक्त, दिल्ली-मुबई औद्योगिक कोरिडोर, जयपुर, वन्दना सिंघवी संभागीय आयुक्त बीकानेर, कुमार पाल गौतम आयुक्त कौशल रोजगार एवं उद्यमिता, जयपुर, इंद्रजीत सिंह आयुक्त राजस्थान आवासन मंडल, जयपुर, राजेंद्र सिंह शेखावत जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, शाहपुरा, अनुप्रेरणा सिंह कुन्तल विशिष्ट शासन सचिव, गृह विभाग, जयपुर, शक्ति सिंह राठौड़ जिला क्लेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सांचोर, कुमारी प्रज्ञा केवलरमानी, आयुक्त टीएडी, उदयपुर, भगवती प्रसाद कलाल निदेशक खान एवं भूविज्ञान विभाग उदयपुर, ओम प्रकाश कसेरा प्रबन्ध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर, टीकमचन्द बोहरा संयुक्त शासन सचिव, वित्त विभाग, जयपुर, नथमल डिडेल प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगय लिमिटेड, जयपुर, नम्रता वृष्णि जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बीकानेर, अंशदीप आयुक्त, आवकारी विभाग एवं पदेन मद्य निषेद निदेशक, उदयपुर, अरुण कुमार पुरोहित जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर, अरूण गर्ग- अतिरिक्त मिशन निदेशक, नेशनल हैल्थ मिशन, जयपुर, अल्पा चौधरी निदेशक मतस्य विभाग, जयपुर, वासुदेव मालावत आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर, निशांत जैन जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बाड़मेर, लोक बंधु जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर, पूजा कुमारी पार्थ जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जालोर, घनश्याम आयुक्त, विभागीय जांच, जयपुर, हेम पुष्पा शर्मा सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर व अमित यादव को भरतपुर जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पद पनर लगाया गया है।

### राजभवन पहुंचने पर राष्ट्रपति का किया स्वागत



*जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मंगलवार को राजभवन पहुंचने पर अभिनंदन और स्वागत किया। मिश्र ने राजभवन में उनकी अगवानी करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। राष्ट्रपति ने इस दौरान राज्यपाल मिश्र की कुशलक्षेम पूछी और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।*

### जयपुर कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई 15 को

**जयपुर।** आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 15 फरवरी, गुरुवार को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई जिला कलक्ट्रेट में की जाएगी। सभागार में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम में वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव भी शामिल होंगे। जिले के सभी उपखंड अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेगे।

**13 फरवरी से 22 मार्च तक होंगे आवेदन**

## सेना भर्ती के लिए अधिसूचना जारी, 22 अप्रैल को परीक्षा

बेधड़क | जयपुर

सेना में भर्ती की ईच्छा रखने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी आ गई है। सेना में भर्ती के लिए मुख्यालय भर्ती क्षेत्र जयपुर ने वर्ष 2024-25 के लिए भर्ती की अधिसूचना जारी कर दी है।

भर्ती में जेसीओ/ओआर रैंक पर अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (कार्यालाय सहायक/स्टोर कीपर तकनीकी), अग्निवर ट्रेडसमैन 10वीं पास, अग्निवर ट्रेडसमैन 8वीं पास, अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (महिला सेना पुलिस), सैनिक तकनीकी (एनए /एनए पशु चिकित्सक) और सिपाही फार्मा की श्रेणियों के लिए अधिसूचना जारी की गई है।

भर्ती के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू हो गए। उम्मीदवार 22 मार्च तक ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in से वांछित श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन उम्मीदवारों ने ज्वाइन इन्डियन आर्मी पर अपना आवेदन सफलतापूर्वक करा देंगे। उनके लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा 22 अप्रैल को आयोजित होगी। जिसके लिए एडमिट कार्ड को परीक्षा की तारीख से 10-15 दिन पहले ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र जयपुर ने सूचित किया है कि पिछले भर्ती वर्षों में प्रदेश ने नई ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया के साथ पूरे देश में भर्ती के लिए सबसे ज्यादा पंजीकरण किया था।

**लोकसभा चुनाव की तैयारी**

# भाजपा ने सौंपी जिम्मेदारी... संयोजक, प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त

बेधड़क | जयपुर

देश अब लोकसभा चुनाव के रंग में रंगता जा रहा है। राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्वाचन आयोग भी आम चुनाव की तैयारी में जुटा है। भाजपा, कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी तैयारियों में जुटी है। कई दलों ने तो प्रत्याशियों की घोषणा भी शुरू कर दी है।

दूसरी ओर भाजपा-कांग्रेस सहित बड़े दल लोकसभा चुनाव के लिए सीट वाइज रणनीति बनाने में जुटी है। इस बीच भाजपा ने सभी 25 सीटों के लिए टीम गठित कर दी है। प्रदेश की सभी 25 सीटों पर भाजपा ने संयोजक, लोकसभा प्रभारी और लोकसभा सह प्रभारी की नियुक्ति कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार इस टीम का गठन हुआ है। जिसकी लिस्ट जारी कर दी गई है। खास बात यह है कि पार्टी ने सभी सीटों पर प्रभारी के रूप में मंत्री और पार्टी के पुराने और कद्दावर नेताओं को जिम्मेदारी है।




### एसएस अग्रवाल जयपुर संयोजक

भाजपा ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए जयपुर संयोजक एसएस अग्रवाल, प्रभारी- जोगाराम पटेल (मंत्री), सतीश चंदेल को लोकसभा सह प्रभारी बनाया है। इसी प्रकार श्रीगंगानगर, हनुमागढ़ एससी सीट पर बलवीर विश्नोई संयोजक, लोकसभा प्रभारी सुमित गोदारा (मंत्री), अखिलेश प्रताप सिंह को लोकसभा सह प्रभारी नियुक्त किया है। बीकानेर संयोजक सत्यप्रकाश आचार्य, लोकसभा प्रभारी गजेंद्र सिंह खिंवसर (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी अशोक नागपाल, चूरू से संयोजक ओम सारस्वत, लोकसभा प्रभारी अविनाश गहलोत (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- रामगोपाल सुथार। इसी प्रकार झूंझनूं में संयोजक दशरथ सिंह शेखावत, लोकसभा प्रभारी मंहत बालकनाथ (विधायक) व जितेंद्र शर्मा को लोकसभा सह प्रभारी बनाया है। सीकर से संयोजक- प्रभु सिंह गोगावास, प्रभारी- गौतम दक (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी बलराम दून, जयपुर ग्रामीण में संयोजक निर्मल कुमावत, प्रभारी- किरोड़ी लाल मीणा (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी - विमल अग्रवाल, अलवर में संयोजक- संजय सिंह नरूका, प्रभारी- सुरेश रावत (मंत्री), लक्ष्मीकांत भारद्वाज लोकसभा सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी है।

### दौसा में सत्यनारायण शाहरा को संयोजक बनाया

भाजपा ने दौसा में सत्यनारायण शाहरा को संयोजक बनया है। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ (मंत्री) को प्रभारी , लोकसभा सह प्रभारी- विष्णु चेतानी को बनाया है। भरतपुर से संयोजक- शैलेश सिंह, प्रभारी- संजय शर्मा (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- गोवर्धन जादौन, करौली, धौलपुर (एससी) सीटसे संयोजक- शिवकुमार सैनी, प्रभारी- जवाहर सिंह बेढ़म (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- प्रेम प्रकाश शर्मा, टोंक, सवाई माधोपुर संयोजक- नरेश बंसल, प्रभारी- मदन दिलावर, शैलेंद्र भार्गव को लोकसभा सह प्रभारी का दायित्व सौंप गया है। अजमेर में संयोजक- वीरेंद्र सिंह कानावत, प्रभारी- दीया कुमारी (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- राकेश पाठक, नागौर में संयोजक- रमाकांत शर्मा, प्रभारी- कन्हैयालाल चौधरी (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- अशोक सैनी, पाली में संयोजक- लक्ष्मीनारायण दवे, प्रभारी- जोगेश्वर गर्ग (विधायक), लोकसभा सह प्रभारी- रविंद्र सिंह बालावत, जोधपुर में संयोजक- राजेंद्र कुमार गहलोत, प्रभारी- विजय सिंह (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- महेंद्र कुमावत, बाड़मेर में संयोजक- खुमान सिंह सोढा, प्रभारी- जोराराम कुमावत (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- शंकर सिंह राजपुरोहित, जालोर, सिरोही में संयोजक- नारायण सिंह देवल, प्रभारी- केके विश्नोई (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- महेंद्र बोहरा, उदयपुर से संयोजक- प्रमोर सामर, प्रभारी- हेमंत मीणा (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- महेश शर्मा, बांसवाड़ा में संयोजक- हरीश पाटीदार, प्रभारी- बाबूलाल खराड़ी (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- दिनेश भट्ट, चित्तौड़गढ़ में संयोजक- रणजीत सिंह भाटी, प्रभारी- झाबर सिंह खर्रा (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- आनंद गर्ग, राजसमंद में संयोजक-हरिसिंह रावत, प्रभारी- मंजू बाघमार (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- हर्षवर्धन सिंह, भीलवाड़ा में संयोजक- शक्ति सिंह कालियास, प्रभारी- हीरालाल नागर (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- गजपाल सिंह, कोटा में संयोजक- सुनिता व्यास, प्रभारी- प्रेम चंद्र बैरवा (डिप्टी सीएम), लोकसभा सह प्रभारी- शंकरलाल टाडा व झालावाड़ में संयोजक- छगन माहुर, प्रभारी- ओटाराम देवासी (मंत्री,) पारस जैन को लोकसभा सह प्रभारी नियुक्त किया है।

## जरूरी खबर

### प्रदर्शन में शामिल होंगे मजदूर और किसान



**जयपुर।** केंद्रीय श्रम संगठनों और संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से 16 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय हड़ताल को लेकर मंगलवार को बिंदायका में मजदूरों की आमसभा हुई। इसमें प्रदर्शन में शहीद स्मारक में शामिल होने का निर्णय किया गया। सीटू प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह शेखावत ने सभा में कहा कि सरकार किसानों को उनकी लागत का भाव नहीं देती और मजदूरों को जीने लायक वेतन नहीं देती। शेखावत ने कहा कि देश में आशा वर्कर, मिड डे मील वर्कर, आंगनवाड़ी में काम करने वाली महिलाओं को जीने लायक वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। बिंदायका औद्योगिक क्षेत्र मजदूर यूनियन के अध्यक्ष सांवरमल जाट, महामंत्री सतपाल यादव, सीटू जिला सचिव संतोष गुर्जर सहित अनेक साथियों ने सभा को संबोधित किया।

### हटाए जाएंगे क्राइम एक्टिविटीज में लिप्त CLG सदस्य

**जयपुर।** राजनीतिक और अवांछित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त सीएलजी सदस्यों को हटाया जाएगा। इस संबंध में आदेश एडीजी कम्युनिटी पुलिसिंग बीएल मीणा ने सभी रेंज आईजी और एसपी को जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार ऐसे व्यक्ति की तत्काल सदस्यता समाप्त कर दी जाए जिस के खिलाफ किसी भी प्रकार के आपराधिक रिकॉर्ड हों। एडीजी बीएल मीणा ने बताया- समाज में शांति व्यवस्था एवं सद्भाव कायम करने के उद्देश्य से जनता व पुलिस के बीच आपसी सहयोग एवं समन्वय के लिए सामुदायिक संपर्क समूह (सीएलजी) का गठन किया गया था। पुलिस थानों के औचक निरीक्षण के दौरान सामने आया है कि कुछ सीएलजी सदस्य राजनीतिक,अवांछनीय एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## 19 को यूपी के सम्भल में होगा कार्यक्रम... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी होंगे शामिल

# राज्यवर्धन को विनायक शर्मा ने दिया कल्किधाम भूमिपूजन का न्योता

**बेधड़क** | जयपुर

'सच बेधडक' मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने मंगलवार को कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को 19 फरवरी को यूपी के सम्भल में होने वाले श्री कल्किधाम भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का न्योता दिया। कल्कि पीठाधीश्वर प्रमोद कृष्णम और आनंदम धाम वृन्दावन के सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें पीएम मोदी, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। कार्यक्रम के लिए राजस्थान की जिम्मेदारी 'सच बेधडक' मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा को दी गई है।

कार्यक्रम में आने का न्योता देने के साथ ही विनायक शर्मा ने अयोध्या से लाए गए 200 साल प्राचीन रामलला के विग्रह की तस्वीर राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को भेंट की। साथ ही, उन्हें कार्यक्रम का ब्रोशर भी भेंट किया। इस दौरान शर्मा और राठौड़ के बीच काफी समय तक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।




### कम उम्र में बड़ी उपलब्धि पर राठौड़ ने दी बधाई

इस दौरान दोनों ने अपने अनुभव साझा किए। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सबसे कम उम्र में मीडिया ग्रुप को खड़ा करने के लिए विनायक को बधाई दी। राज्यवर्धन सिंह और विनायक शर्मा के बीच आध्यात्मिक और सियासी मुद्दों पर भी चर्चा हुई। विनायक शर्मा ने राज्यवर्धन सिंह को चैनल के स्टूडियो आने का निमंत्रण दिया तो राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि जरूर आएंगे।



### रामाभिषेकम् और विशाल आरती पर भी चर्चा

इस दौरान 'सच बेधडक' मीडिया ग्रुप की ओर से 15 जनवरी को अल्बर्ट हॉल पर आयोजित किए भव्य रामाभिषेकम् और विशाल आरती कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। शर्मा ने राठौड़ को बताया कि कार्यक्रम में देशभर के साधु संत और नामचीन हस्तियों ने शिरकत की थी। प्रदेश में ही नहीं, देशभर में इस भव्य कार्यक्रम की चर्चा है। रामकाज को आगे बढ़ाते हुए सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के चेयरमैन विनायक शर्मा ने अयोध्या से लाए गए 200 साल प्राचीन रामलला के विग्रह की तस्वीर को जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है।

## सांगानेर में गैराज का ताला तोड़कर की वारदात

# काउंटर से नकदी निकाली और सर्विस कार उड़ा ले गया

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में वाहन चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं। पुलिस की नाकाबंदी होने के भी बदमाश वाहन चोरी की वारदातों को आसानी से अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में पुलिस की नाकाबंदी प्रणाली की भी पोल खुल रही है।

दरअसल, सोमवार को वाटिका रोड स्थित एक ऑटोमोबाइल गैराज में बदमाश आधी रात बाद शटर का ताला तोड़कर अंदर घुस गया और काउंटर में रखे 45 हजार रुपए की नकदी व वहां खड़ी कार चुराकर ले गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अगले दिन जब मालिक धर्मराज चौधरी गैराज पहुंचा तो चोरी होने की भनक लगी।






### हेलमेट पहनकर आया था बदमाश

बदमाश वारदात को अंजाम देने के लिए हेलमेट पहनकर आया था। गैराज में घुसने के बाद आरोपी ने गैराज में खड़ी दूसरी गाड़ियों से पहले डीजल निकाला और फिर काउंटर का ताला तोड़कर नकदी निकालने के बाद गैराज में सर्विस के लिए आई एक कार को चुराकर ले गया। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सांगानेर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस पर गश्त नहीं करने का आरोप

स्थानीय भाजपा नेता रमेश निमड़ी का आरोप है कि पुलिस की वाटिका इलाके में नाकाबंदी रहती है, लेकिन पुलिसकर्मी अकसर गायब रहते हैं। पुलिस इलाके में गश्त भी नहीं करती है। इससे चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर को स्थानीय लोग कई दफा शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इलाके में पुलिस की मुस्तैदी नहीं बढ़ाई। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।



## फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 3 सस्पेंड, 7 हटाए

# निगम में कोई रिकॉर्ड नहीं और दे दिया BC, वह भी सरकारी छुट्टी के दिन

**बेधड़क** | जयपुर

रिकॉर्ड में उसका कोई दस्तावेज जमा नहीं है, फिर भी उसका बर्थ सर्टिफिकेट बना दिया गया और वह भी सरकारी छुट्टी के दिन। फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के इस मामले में डिप्टी रजिस्ट्रार समेत तीन को निलंबित किया गया है। वहीं, संविदा पर काम करने वाले 7 कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया है। यह मामला पिछले साल का है और नगर निगम ग्रेटर के सांगानेर जोन एरिया का है। एक पॉस्को एक्ट के तहत कोर्ट में चल रहे केस में शामिल किए दस्तावेजों की जांच में खुला।

नगर निगम कमिश्नर रुक्मणी रियाड़ ने आज आदेश जारी करते हुए कनिष्ठ सहायक नीलम दुबे, जिसे डिप्टी रजिस्ट्रार का चार्ज दे रखा था और हेल्पर नरेन्द्र सिंह और बेलदार श्याम बाबू छीपा को निलंबित किया है।



### इनको नौकरी से हटाया

नगर निगम में ऑनलाइन कार्यों के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटरों की सर्विस दे रही एजेंसी ओसवाल डाटा कंपनी के सुपरवाइजर राजेन्द्र कुमार, आशीष शर्मा, गजानंद यादव, नंदकिशोर, गौरव सिंह, महेश शर्मा, गिर्राज यादव को नौकरी से हटाया है। ये सभी यहां कॉन्ट्रेक्ट आधार पर संविदा पर कार्यरत थे। प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में इन सभी की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए इन पर कार्रवाई की।

### आरोपी कर रहे मना, कोई दस्तावेज भी नहीं

इस मामले की जांच के लिए नगर निगम ने एक कमेटी बनाई थी। उपविधि परामर्शी, उप रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु और पुलिस निरीक्षक सतर्कता को शामिल किया गया। कमेटी ने जांच में पाया कि जन्म प्रमाण पत्र 9 अगस्त 2023 को जारी किया गया, जबकि उस दिन आदिवासी दिवस का राजकीय अवकाश था। प्रमाण पत्र पर डिजिटल सिग्नेचर भी थे, जो संबंधित डिप्टी रजिस्ट्रार के मोबाइल पर ओटीपी नंबर आने और उसे सब्मिट करने के बाद ही जेनेरेट होते हैं। पूछताछ में सभी आरोपितों ने प्रमाण पत्र जारी करने से मनाही की है। वहीं नगर निगम में प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में कोई दस्तावेज (आवेदन पत्र, आईडी कार्ड, जन्म संबंधित रिकॉर्ड आदि) भी उपलब्ध नहीं है।

### ऐसे पकड़ में आया मामला

नगर निगम सूत्रों के मुताबिक कुछ साल पहले मालपुरा थाने में एक पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें आरोपित व्यक्ति ने पीड़ित को नाबालिग से बालिग साबित करने के लिए नगर निगम से फर्जी तरीके से प्रमाण पत्र बनवाकर कोर्ट में पेश किया। पीड़ित ने यह प्रमाण पत्र आरटीआई के जरिए नगर निगम के सांगानेर जोन से निकलवाया और उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने जब प्रमाण पत्र की जांच के लिए निगम भिजवाया तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।

# सरकारी स्कूलों में सूर्य नमस्कार को HC में चुनौती, सुनवाई आज



**बेधड़क** | जयपुर

सरकारी विद्यालयों में सूर्य नमस्कार कराने के निर्णय को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में बुधवार को मामले की सुनवाई होगी। एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव कासिफ जुबैरी ने हाई कोर्ट में सरकार के निर्णय के खिलाफ याचिका दायर की है।

याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार का स्कूलों में सूर्य नमस्कार कराने का निर्णय गैर संवैधानिक है। यह संविधान के आर्टिकल-25 का उल्लंखन करता है। आर्टिकल-25 में हर व्यक्ति को धर्म की स्वतंत्रता दी गई है। सरकार का यह आदेश व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है। इसे रद्द किया जाए, अथवा इसे अनिवार्य रूप से लागू नहीं करके ऑप्शनल रखा जाए। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग ने सूर्य सप्तमी के अवसर पर 15 फरवरी को स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित करने का आदेश निकाला है।

## संविधान पार्क का किया जा रहा है निर्माण, 75 फुट ऊंचा है संविधान पिलर

# राजस्थान यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स देख पाएंगे संविधान की झलक

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र भारतीय संविधान की सूक्ष्म झलक यूनिवर्सिटी में भी देख पाएंगे। इसके लिए यहां पर संविधान पार्क बनाया जा रहा है। पार्क में एक संविधान पिलर बनाया गया है, जिसके ऊपर संविधान की मूल प्रस्तावना लिखी है। साथ ही स्वाधीनता आंदोलन से संबंधित जीवंत कृतियां भी उकेरी गई हैं।

हाथों में गणतंत्र लिखी पुस्तक का संदेश, भारत में संविधान सर्वोपरि का जीवंत प्रतीक है। संविधान पार्क और संविधान पिलर छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोगों में भारतीय लोकतंत्र के मूल्यों की चेतना जागृत करेंगे। पार्क के मुख्य शिल्पी केके शर्मा ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में स्थित तिरंगा ध्वज के पास ही संगमरमर से लगभग 75 फुट ऊंचा स्तंभ बनाया गया है, इस पर लगभग 2.95 करोड़ रुपए की लागत आएगी। जन गण मन के रूप में स्तंभ के ऊपर तीन आकृतियां हैं। स्तंभ के चारों ओर भारतीय संविधान से संबंधित मार्बल पर कलात्मक आकृतियां उकेरी गई हैं। इनमें संविधान के प्रस्तावना पृष्ठ पर अंकित रामदरबार सहित कुरुक्षेत्र में अर्जुन को दिया गीता ज्ञान, भगवान बुद्ध , महावीर स्वामी, आजादी के सिपाही सुभाष चंद्र बोस, महारानी लक्ष्मी बाई, शिवाजी महाराज सहित कई कलाकृतियां लगाई जा रही हैं। स्तंभ के चारों ओर कलात्मक संगीतमय रंगीन फव्वारे लगाए जाएंगे। संविधान पार्क देखने से छात्रों में राष्ट्र प्रेम के साथ-साथ भारत के गौरवशाली इतिहास की भी जानकारी मिलने में आसानी रहेगी। संविधान पार्क को निकट भविष्य में एक आधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किए जाने की योजना है।











**कंटेंट और फोटो**
**राजेश कुमावत**

## जरूरी खबर

### बोरवेल से शव को निकालने वाले जांबाज सम्मानित



**गंगापुर सिटी।** बोरवेल में गिरी महिला मोनाबाई के शव को बाहर निकालने वाले एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के जांबाज अधिकारियों और जवानों को जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीना द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। मीना ने बताया कि तकनीकी, अभियांत्रिकी एवं विषम प्राकृतिक चुनौतियों से जूझते हुए जांबाज अधिकारियों और जवानों ने सोमवार को दोपहर बोरवेल से महिला के शव को बाहर निकाला था। इस साहसिक कार्य के लिए जांबाजों को सम्मानित किया गया है। जवानों ने 90 फुट गहरे बोरवेल से महिला के शव को बाहर निकाला था।

### किसान आंदोलन को लेकर झुंझुनू में बढ़ाई सुरक्षा

**झुंझुनू।** झुंझुनू पुलिस किसान आंदोलन को लेकर अलर्ट हो गई है। पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की है। इसमें लोगों को पंजाब-हरियाणा राज्य में यात्रा करने से बचने को कहा गया है। एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि किसान आंदोलन को देखते हुए जिले के हरियाणा बॉर्डर से लगे सूरजगढ़ के पीलोद, पिलानी व पचेरी इलाके में सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। आने जाने वाले वाहनों और लोगों पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है, फिलहाल आंदोलन को लेकर जिले में कोई ज्यादा मूवमेंट नहीं है फिर भी एहतियात के तौर पर बॉर्डर इलाकों मे सतर्कता बढ़ा दी गई है।

### फोम के गोदाम में लगी भीषण आग, दूर तक छाया गुबार



**जोधपुर।** जिले के कायलाना क्षेत्र के कबीर नगर के निकट एक गोदाम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने के बाद शास्त्री नगर और आस-पास की फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग लगने के बाद धुएं का गुबार लगभग 1 किलोमीटर दूर से दिख रहा था। इस दौरान आसपास रहने वाले लोग भी डर के मारे घरों से बाहर आ गए। बताया जा रहा है कि आग जहां लगी वहां फोम का गोदाम है।

---

**शहरी सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर महापौर ने गिनाई उपलब्धियां...** कहा- विकास पथ पर आगे बढ़ रहा जिला

# अजमेर के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी: ब्रजलता

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में शहरी सरकार के तीन साल पूर्ण होने पर महापौर ब्रजलता हाडा ने कहा कि अजमेर के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

अजमेर को स्मार्ट बनाए रखने के लिए नगर निगम काम कर रही है। महापौर हाडा मंगलवार को नगर निगम के तीन साल पूरे होने पर प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहीं थीं। इस दौरान उन्होंने पिछले तीन साल में किए गए विकास कार्यों का विवरण देते हुए निगम की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान महापौर ने 1 फरवरी 2023 से 31 जनवरी 2024 तक निगम के विभागों द्वारा विभिन्न कार्यों पर खर्च की गई धनराशि का ब्योरा भी पेश किया। साथ ही 2024 में किए जाने वाले आगामी कार्यों की भी जानकारी दी। हाडा ने विभागों द्वारा किए गए कार्यों का विवरण देते हुए कहा कि सभी विभागों की शाखाओं द्वारा वर्ष भर मे उल्लेखनीय कार्य किए गए। अपने कार्यकाल में हमने विकास से जनता को बड़ी राहत देने का प्रयास किया है। शहर को स्मार्ट सिटी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं पार्षदों के साथ बैठकर प्लान निश्चित किए गए।



### इन कार्यों का विशेष रूप से किया उल्लेख

महापौर हाडा ने मीडिया के सामने पिछले तीन साल में कराए गए कई विकास कार्यों का ब्योरा विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में निर्माण शाखा द्वारा वार्डों में सड़क निर्माण कार्य के लिए 8.36 करोड़, नाली निर्माण कार्य में 4 करोड, वार्डों में क्रॉस-फेरोकवर कार्य एक करोड़ 60 लाख, वार्डों में पेचवर्क कार्य 1.60 करोड़, वार्डों में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य 8 करोड़, वार्डों में जनरल कार्य के लिए 8.18 करोड़, नगर निगम के नवीन भवन कार्य 2000 लाख रुपए व ट्राम्बे शाखा द्वारा आनासागर में ऑक्सीजन लेवल बढ़ाने के लिए एविएटर लगाया गया।

### आगामी कार्यों के लिए तैयार की प्लानिंग

महापौर ने कहा कि बड़ी नदी से जल कुंभी निकालने का कार्य, आनासागर में वाटर क्लीनर केमिकल डलवाने गया, प्रशासन शाखा द्वारा वार्डों में महंगाई राहत कैंप, विकसित संकल्प यात्रा शिविर, रामलला प्राण-प्रतिष्ठा दिवस, सुंदरकांड पाठ, रंगोली, आतिशबाजी आदि का आयोजन सहित विभिन्न कार्य करवाएं गए। इसके साथ ही हाडा ने बताया कि वर्ष 2024 में लाइट लगवाने, कचरा डिपो का रिपेयरिंग कर नया बनवाना, कचरा निस्तारण का काम कराना, आनासागर झील से जलकुंभी निस्तारण का कार्य, पार्षदों को भूखंड आवंटन, चार्जिंग स्टेशन बनाने, पत्रकारों के लिए भवन उपलब्ध कराने से लेकर अन्य कार्य योजनानुसार कराने की प्लानिंग है।

---

**वेब सीरिज से आइडिया...** आशिक ने लाठी के वार से छीनी सांसें

# प्रेमी से शादी के लिए रची खुद का 'सुहाग उजाड़ने' की साजिश

**बेधड़क** | सीकर

पड़ोसी के प्यार में अंधी एक पत्नी ने अपना ही सुहाग उजाड़ने की सनसनीखेज साजिश रच डाली। इसके तहत योजनानुसार पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की सांसे छीन ली। आरोपियों ने क्राइम वेब सीरिज देखकर हत्या का प्लान तैयार किया।

सीकर के सिहोट बड़ी में गत 29 जनवरी को हुए मर्डर के 15 दिन बाद सीकर एसपी परिस देशमुख ने मंगलवार को इस हत्याकांड का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि आरोपी पूजा देवी (27) पत्नी रामधन मीणा और उसके प्रेमी सुरेश कुमार मीणा उर्फ कालू (35) को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार क्राइम वेब सीरीज देखकर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या का प्लान बनाया। इसके बाद प्रेमी ने प्रेमिका के पति पर लाठी से वार कर दिया। सिर में गहरी चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। दरअसल आरोपी पत्नी ने प्रेमी से कहा था कि वह पति से खुश नहीं है। पति जरूरत के समय उसे पैसे भी नहीं देता। दोनों आरोपी सिहोट बड़ी के रहने वाले हैं। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की।

पूजा ने पति का गांव के लड़कों से विवाद बताया था। वहीं, कालू घटना वाले दिन घर पर ही मिला था, इसलिए शुरुआत में उस पर पुलिस को शक नहीं हुआ। एसपी परिस देशमुख ने बताया कि रामधन मीणा (28) की हत्या को लेकर उसके भाई विनोद मीणा ने 30 जनवरी को मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया था कि उसका भाई 29 जनवरी की रात काम से लौटा था।

वह अपने खेत का गेट बंद करने गया था। काफी देर तक नहीं लौटा तो परिजन देखने गए। वहां उसका शव मिला। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने धरना भी दिया था। पांच दिन समझाइश के बाद परिजन माने थे।



### इस तरह गहराया प्रेमी पर शक

एसपी ने बताया कि मौके से मिले फिंगर प्रिंट और सीसीटीवी फुटेज से भी कोई सबूत हाथ नहीं लगा था। इस दौरान 40 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की गई। इसी बीच मुखबिर के जरिए मिली सूचना के बाद रामधन के पड़ोस में रहने वाले सुरेश कुमार उर्फ कालू पर शक हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने हत्या करना कबूल कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि इस हत्याकांड में मृतक रामधन की पत्नी भी शामिल है।

### एक साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग

पुलिस पूछताछ में आरोपी कालू ने बताया कि 28 जनवरी को भी उसने रामधन को मारने की कोशिश की थी, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पाया था। इसके बाद 29 जनवरी को हत्या कर दी। आरोपी ने बताया कि उसका और रामधन का खेत एक ही जगह है। इसके चलते वह उसके घर आता-जाता रहता था। रामधन की पत्नी पूजा से भी संपर्क था। धीरे-धीरे पूजा और सुरेश के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी। दोनों के बीच करीब एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी पूजा ने प्रेमी को बताया था कि पति उसे खुश नहीं रखता। वह पति से परेशान है और उससे पीछा छुड़ाना चाहती है। इस पर दोनों ने रामधन की हत्या के बाद शादी करने का प्लान बनाया। पूजा ज्यादातर समय इंटरनेट पर क्राइम से जुड़ी वेब सीरीज और अन्य एपिसोड देखती रहती थी। इससे आइडिया मिला और फिर प्रेमी से पति की हत्या करवा दी।

### पुलिस को करती रही गुमराह

रामधन की पत्नी ने पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को भी गुमराह किया। आरोपी पूजा ने पुलिस को पति का गांव के कुछ लड़कों से विवाद होने की बात कही थी। उसने पुलिस को बताया कि खेत का गेट बंद करने को लेकर रामधन और उसके पड़ोसी खेत मालिकों के बीच एक साल पहले विवाद भी हुआ था। इसके बाद निर्णय हुआ था कि रामधन ही रात को गेट बंद करेगा। पूजा बीए सेकेंड ईयर तक पढ़ी है। वहीं प्रेमी कालू पांचवीं पास है।

---

**श्राद्ध कर्म व पितरों का किया तर्पण**

# मंगला चौथ मेले में पुष्कर सरोवर के घाटों पर उमड़ी आस्था

**बेधड़क** | अजमेर

तीर्थराज पुष्कर में पितरों की प्रसन्नता के निमित्त श्राद्ध कर्म व तर्पण के लिए मंगला चतुर्थी का बेसब्री से इंतजार करने वाले श्रद्धालुओं का हुजूम मंगलवार को सरोवर के घाटों पर लगा नजर आया।

श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान के बाद पूर्वजों का तर्पण व श्राद्ध किया और फिर जगतपिता बृह्माजी के दर्शन किए। विशेष रूप से वे लोग जो किसी भी प्रकार की शारारिक एवं मानसिक व्याधी से ग्रस्त हैं उन्होंने पुष्कर सरोवर पर पूजा-अर्चना की। तीर्थ पुरोहित पंडित राजाराम ने बताया कि प्राचीन मान्यता है कि यहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पवित्र कुंड में स्नान करने से शरीर की व्याधियां दूर हो जाती हैं।

मंगला चौथ के मौके के मेले में पूजा-अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। तीर्थ पुरोहित ने बताया कि कनिष्ठ पुष्कर के नजदीक सुधाबाय कुंड है, इसको गया कुंड भी कहा जाता है। शास्त्रों में इसको अवियोगा कुंड भी कहा गया है। पद्म पुराण में इस पवित्र स्थान का उल्लेख है। साथ ही भगवान श्रीराम से भी इस स्थान का जुड़ाव रहा है। तीर्थ पुरोहित पंडित राजाराम ने बताया कि



वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मणजी ऋषि अत्रि के आश्रम में गए थे। ऋषि अत्रि ने ही भगवान श्रीराम को दिव्य कुंड की महिमा के बारे में बताया और यहां अपने पिता राजा दशरथ का पिंडदान करने कि लिए कहा था।

राजाराम ने बताया कि भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण यहां आए और इस स्थान के नजदीक ही वह रुके थे। अगले दिन ऋषि मार्कंडेय, ऋषि मकरंद और ऋषि लोमश की उपस्थिति में भगवान श्री राम ने अपने पिता दशरथ का पिंडदान किया था।

---

**अधिकारियों को दिए जल्दी सुधार** करने के सख्त निर्देश

# अस्पताल में अव्यवस्था पर भड़के MLA

**बेधड़क** | कोटा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल का मंगलवार को कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कोटा के मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण किया।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी विंग में अव्यवस्थाओं के कारण हो रही मरीजों की मौत व परेशानियों को लेकर विधायक संदीप शर्मा काफी नाराज दिखे। इस दौरान उन्होंने वहां की अव्यवस्थाओं को देखकर नाराजगी जाहिर की। इसके बाद उन्होंने मौके पर मौजूद मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. संगीता सक्सेना और अधीक्षक डॉ. आरपी मीणा को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए कड़े निर्देश दिए। वहीं 24 घंटे इमरजेंसी चालू रखने हरसमय रेसिडेंट और मेडिकल ऑफिसर तैनात रखने के भी निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर संगीता सक्सेना और मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर आरपी मीणा विधायक संदीप शर्मा के सामने ही अव्यवस्थाओं को लेकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे। इस पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने दोनों अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि लापरवाही के लिए जो जिम्मेदार है, उसे सस्पेंड किया जाए, लेकिन मरीजों के उपचार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



---

**हंगामे की भेंट चढ़ी जिला परिषद** साधारण सभा की बैठक

# विकास कार्य नहीं होने पर वार्ड मेंबर ने छोड़ा पद

**बेधड़क** | सीकर

जिला परिषद की मंगलवार को हुई साधारण सभा में जमकर हंगामा हुआ। जिला प्रमुख गायत्री कंवर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पीसीसी चीफ और लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा, कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी, एसपी परिस देशमुख सहित जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा मनरेगा, अवैध खनन, जल जीवन मिशन, एग्रीकल्चर फॉरेस्ट सहित कई मुद्दों पर चर्चा के दौरान जिला परिषद सदस्यों में आक्रोश दिखाई दिया। सदस्यों ने अधिकारियों पर उनके क्षेत्र में विकास के काम नहीं कराने का आरोप जड़ा। डोटासरा ने भी जीते हुए विधायकों के काम नहीं होने और हारे हुए प्रत्याशियों के काम अटकाने के आरोप लगाए। जिला परिषद के वार्ड नंबर 22 के सदस्य कैलाशचंद ने अपने क्षेत्र की सरकारी स्कूलों में बालिकाओं के लिए शौचालय सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिलने पर और श्मशान भूमि पर अवैध कब्जे विरोध में जिला प्रमुख गायत्री कंवर को इस्तीफा सौंप दिया। मामले में जिला प्रमुख ने कहा कि यदि जिला परिषद सदस्य की जगह वह होती तो वह भी यही करती।

उपजिला प्रमुख ताराचंद धायल ने जलदाय विभाग के अधिकारियों पर लोगों को पानी के कनेक्शन नहीं देने और अधिकारियों द्वारा फोन पर अभद्र भाषा बोलने का आरोप लगाया। जिला परिषद सदस्य जयंत निठारवाल ने भी जल जीवन मिशन में घोटाले के आरोप लगाए।



---

**ऑपरेशन सनराइज के तहत छापेमारी में...**

# एक करोड़ की अफीम बरामद, 14 तस्करों को दबोचा

**बेधड़क** | जोधपुर

पुलिस कमिश्नरेट के जिला ईस्ट की टीमों ने मंगलवार अलसुबह मादक पदार्थों तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 14 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा करीब एक करोड़ रुपए की कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए हैं।

पुलिस को इस अभियान में अवैध पिस्टल व कारतूस भी मिले हैं। इसके अलावा 9 लाख 69 हजार की नकदी भी बरामद की गई। डीसीपी ईस्ट डॉ. अमृता दुहन ने शाम को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि अभियान के तहत मंगलवार अलसुबह जालेली फौजदार में ऑपरेशन सनराइज चतुर्थ के तहत 175 अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के साथ टीमों ने 10 जगह पर छापेमारी की। इस दौरान ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे कोई तस्कर भाग नहीं सके। वहीं डॉग स्क्वायड की छह टीमें भी मौके प र तैनात की गई। कार्रवाई में मौके से 8 वाहन जब्त किए गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जालेली फौजदार से बुधाराम विश्नोई, हरदेवराम विश्नोई, सागर विश्नोई, ओमप्रकाश विश्नोई, भोमाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया। जबकि मध्य प्रदेश से अफीम की डिलीवरी देने आए 4 आरोपियों सहित अन्य जगहों से कुल 14 तस्करों को गिरफ्तार किया गया।



### गुप्त लॉकर में छिपा रखी थी अफीम

तस्करों के खिलाफ किए गए इस ऑपरेशन में डीसीपी डॉ. अमृता दुहन खुद भी मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि जब जालेली फौजदार में तस्करों के घरों में छापेमारी की गई, तो घर का कोना-कोना खंगाला गया। इस दौरान जब ड्रेसिंग टेबल की तलाशी ली जा रही थी तो पुलिसकर्मियों को उसमें एक गुप्त लॉकर नजर आया। इसे खंगालने पर प्लास्टिक की थैलियों में अफीम का दूध बरामद हुआ। इस तरह अलग-अलग घरों से पुलिस ने कुल 20 किलो अफीम का दूध बरामद किया। इसकी कीमत एक करोड़ रुपए है। एक जगह पर अफीम के साथ-साथ 9 लाख 69 हजार की राशि भी बरामद की गई।

### भागने के रास्तों पर पहले से की नाकाबंदी

डीसीपी ने बताया ऑपरेशन सन लाइज के तहत हमने कुल 10 घरों की तलाशी ली। इनमें 5 घरों में मादक पदार्थ बरामद हुए। उन्होंने बताया कि कार्रवाई से पहले सुबह गांव के चारों तरफ जितने भी भागने के रास्ते थे, उन पर पहले ही नाकाबंदी कर दी गई, जिससे कोई भाग नहीं सके। तलाशी की दौरान एक घर में मध्यप्रदेश से अफीम की डिलीवरी देने आए लोगों को भी गिरफ्तार किया गया।

---

# ट्रक से 15 गोवंश मुक्त कराए, 1 आरोपी धरा

**बेधड़क** | नदबई

नदबई पुलिस ने गो तस्करी के मामले में कार्रवाई कर मंगलवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर 15 गोवंश को मुक्त कराकर केंट्रा गाड़ी को जब्त किया है। पुलिस ने उटावड थाना जिला नूंह मेवात हरियाणा निवासी साकिर मेव (28) को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी कैलाश चंद बैरवा ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव रायसीस की तरफ से एक केंट्रा गाडी आ रही है। इसमें गोवंश को तस्करी कर ले जाया जा रहा है। इसके बाद बाईपास रोड महरमपुर चौराहा पर नाकाबंदी शुरू की गई। गोतस्करों को भनक लगते ही उन्होंने गाड़ी को करीब 50 मीटर पहले ही वापस घुमा लिया। इस पर पुलिस ने उनका पीछा किया तो दो गो तस्कर केंट्रा गाड़ी से उतर कर खेतों की तरफ भागने लगे। पुलिस ने गो तस्करों का पीछा कर एक गो तस्कर को पकड़ा व दूसरा तस्कर खेतों में सरसों की फसल के बीच से भागने में सफल हो गया।



पुलिस ने गाड़ी को चेक किया, तो निर्दयतापूर्वक गोवंश भरे मिले। गाड़ी के अन्दर कुल 15 गोवंश थे। इनमें 10 गोवंश जिंदा एवं घायल मिले तथा 5 गोवंश मृत मिले। जिंदा गोवंश को श्रीगोपाल गोशाला पटवन विहार जयश्री नगर में भिजवाया गया।

### आईआईएस यूनिवर्सिटी में टेक-फेस्ट-2024 का आगाज

# निरंतर सीखने के साथ सॉफ्ट कौशल विकसित करें: अरोड़ा

**बेधड़क** | जयपुर

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) मानसरोवर, जयपुर के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एण्ड आईटी की ओर से दो दिवसीय टेक-फेस्ट-2024 का आगाज मंगलवार को यूनिवर्सिटी कैंपस में हुआ।

उद्घाटन आईआईएसयू के एडवाइजर डॉ.केएस शर्मा समेत रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता, साइंस डीन इला जोशी, सीएस एंड आईटी डायरेक्टर डॉ.अनुभा जैन और हैड रुचि नंदा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम के चीफ गेस्ट सेवनएक्स के को-फाउंडर एंड मैनेजिंग डायरेक्टर उमाशंकर अरोड़ा मौजूद रहे। फ्यूचर प्रूफ योर आईटी कॅरियर ट्रेंड्स एंड अपॉर्च्युनिटी विषयक एक्सपर्ट सेशन में उमाशंकर अरोड़ा ने डेवॉप्स, साइबर सिक्योरिटी, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और लो कोड, नो कोड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आईटी इंडस्ट्री में एक रास्ता बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। इसके लिए एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण करने की खास अहमियत होगी। उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा किवे अपने कॅरियर पथ को परिभाषित करने के साथ- साथ निरंतर



सीखते रहें। ध्यान भटकाएं नहीं, सॉफ्ट कौशल विकसित करें और कम्युनिटी ग्रुप्स में शामिल हों। उन्होंने कहा कि कंपनियां डेटा के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक भावनाओं को लेकर बेहतर तालमेल बिठाने की कोशिश करती है। ऐसे में जागरूक होने की ज्यादा जरूरत है।

### विकसित भारत थीम पर डीजी अवतार इवेंट

टेकफेस्ट के पहले दिन मंगलवार को फीचर मी विकसित भारत 2047 थीम पर डीजी अवतार इवेंट हुआ। इसमें पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, एसएस जैन सुबोध कॉलेज, महारानी कॉलेज और महावीर कॉलेज से 15 प्रतिभागियों से हिस्सा लिया। निर्णायकमंडल में ललित कला और डिजाइन स्कूल के डीन (पूर्णिमा विश्वविद्यालय) डॉ.जितेन्द्र शर्मा, 3डी प्रिंसिपल एनिमेटर 55 टेक्नोलॉजीज के टीकेश कुमावत शामिल रहे। टेकफेस्ट में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के स्टूडेंट्स उत्साह से हिस्सा ले रहे हैं। डिबग डिनेस्टी इवेंट में शहर के विभिन्न विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के 7 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतिभागियों की प्रोग्रामिंग, डिबगिंग और समस्या सुलझाने की क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए एक कोडिंग प्रतियोगिता रही।

### रील-रंग इवेंट का आयोजन

इस दौरान रील-रंग इवेंट में 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायकमंडल में डिजिटल ओरिक्स के फाउंडर हेमंत व्यास और डिजिटल ओरिक्स के सेल्स हैड रितुराज सिंह शामिल रहे। यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने बताया कि टेक-फेस्ट-2024 के आखिरी दिन बुधवार को एक्सपर्ट सेशन, रीलरंग, कौन बनेगा कोडपति, आर्टिफिशियल इमैजिनेशन आर्टिस्ट्री, पैनल जंक्शन, गेम गेजेट्री और एग्जीबिशन समेत कई अन्य सारगर्भित एक्टिविटीज होंगी।

## Yuva स्टोरीज

### वार्षिक कला प्रदर्शनी की शुरुआत आज से

**बेधड़क** | जयपुर



आईआईएस विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा इक्कीसवीं कला प्रदर्शनी का आयोजन 14 से 18 फरवरी तक जवाहर कला केंद्र की चतुर्दिक, सुदर्शन, सुकृति, व सुरेख आर्ट गैलरीज में किया जा रहा है। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कला संस्कृतियों पर की गई चित्रकारी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके अलावा कैनवस पैनल पर प्राकृतिक दृश्य, पेपर क्राफ्ट कला व समाजिक जागरूकता के विषयों पर बनाई गई विभिन्न पेंटिंग्स भी देखने को मिलेंगी।

### सीनियर स्टूडेंट्स को मिले टाइटल



**बेधड़क** | जयपुर

औरोबिंदो इंटरनेशनल स्कूल का फेयरवेल समारोह विभिन्न रंगारंग आयोजनों के साथ संपन्न हुआ।

आयोजन में 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा गायन, नृत्य, चुटकुले, स्पॉट गेम समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए, इस दौरान छात्रों ने समूह एवं एकल नृत्य प्रस्तुत किए। इस मौके पर सीनियर्स को विभिन्न टाइटल से नवाजा गया। इस दौरान केव्यान चौधरी को मिस्टर औरोबिंदो और इशिता गुप्ता को मिस औरोबिंदो के टाइटल से नवाजा गया। स्कूल के निदेशक डॉ. भारत पाराशर, सह निदेशिका डॉ. शालिनी पाराशर और प्रिंसिपल करुणा नागपाल ने स्टूडेंट को संबोधित करते हुए उन्हे जीवन में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी।

### एनएसएस के विशेष शिविर का समापन



**बेधड़क** | जयपुर

रामबाग सर्किल स्थित एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाइयों द्वारा 7 फरवरी से आयोजित विशेष शिविर का समापन मंगलवार को हुआ।

समापन दिवस का प्रारंभ भी योगाभ्यास सत्र के साथ हुआ। प्रथम सत्र में आलोक खन्ना वैलनैस एक्सपर्ट द्वारा छात्राओं को स्वस्थ रहने की कला के बारे में समझाया गया। उन्होंने बताया कि प्रकृति के नियमों का पालन कर प्राचीन पद्धतियों द्वारा कैसे जीवन को सुखद और ऊर्जावान बनाया जा सकता है। समापन सत्र में स्वयंसेविकाओं के समूहों द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति से परिचित करवाया। सड़क सुरक्षा एवं वोटर अवेयरनेस पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए। जिसमें विजेता समूह व छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी ने कार्यक्रम अधिकारियों व स्वयं सेविकाओं को बधाई देते हुए विशेष शिविर के समापन की घोषणा की तथा स्वयं सेविकाओं को भविष्य में भी सामाजिक कार्यों को करते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिविर के अतिरिक्त भी एनएसएस स्वयंसेविकाओं को सामाजिक कार्यों को अपने जीवन का ध्येय बना लेना चाहिए।

### युवा महोत्सव कस्तूरी 2024 का दूसरा दिन

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से स्टूडेंट्स ने जमाया रंग




**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में चल रहे चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव कस्तूरी 2024 के दूसरे दिन की शुरुआत अंतर महाविद्यालय क्विज से हुई, जिसमें 11 संस्थानों के प्रतिभागियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने ज्ञान को दर्शाया।

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय से दिशा बूचा एवं दीपाली शर्मा प्रथम, राजस्थान महाविद्यालय से अक्षत अग्रवाल एवं माधव शर्मा द्वितीय और एलबीएस कॉलेज से लवीना एवं स्नेहा की टीम तृतीय स्थान पर रही।

कोड वॉर प्रतियोगिता में 13 टीमों ने भाग लिया। इसमें सुबोध कॉलेज से धैर्य गुप्ता एवं संदीप विश्नोई ने प्रथम, कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय से सानिया दत्ता और आत्मिका दुबे ने द्वितीय, सुबोध कॉलेज से खुशनुमा रियाज़ व भव्या सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### क्विज सेशन में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा




### मिमिक्री प्रतियोगिता में दिखा टैलेंट

'फंटूश'-मिमिक्री प्रतियोगिता में 7 प्रतिभागियों ने शिनचेन, पीएम नरेन्द्र मोदी, सीएम भजनलाल शर्मा, अमिताभ बच्चन, गुलशन ग्रोवऱ आदि की मिमिक्री कर सभी को ख़ूब गुदगुदाया। इस प्रतियोगिता में कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय से आयुषी गौड़ प्रथम, महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज से प्रवेश कुंद्रा द्वितीय, खंडेलवाल कॉलेज से युक्ता वशिष्ठ एवं अग्रवाल पीजी कॉलेज से अमन खान संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। 'डेक्लेमेशन' (संभाषण) प्रतियोगिता हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में हुई। इसमें 18 प्रतिभागियों ने मशहूर हस्तियों जैसे, अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज जी, मलाला, विवेकानंद आदि के भाषण प्रस्तुत किए। राजस्थान कॉलेज से जालम सिंह व सुबोध कॉलेज से रोशनी प्रीथानी प्रथम, कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय से वर्षा लोढ़ा व सानिया जमील द्वितीय और लॉ कॉलेज से अक्षत शर्मा व पोद्दार संस्थान से सोनाक्षी बिंद्रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों से बांधा समां

'बीट्स'- द वेस्टर्न डांस में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। प्रतिभागियों ने अंग्रेजी बीट्स, ऐसी धाकड़ है, तेरी बातों में आदि गानों पर नृत्य प्रस्तुति दी। इसमें महारानी कॉलेज प्रथम, आईआईएस विश्वविद्यालय द्वितीय और सुबोध महिला महाविद्यालय की टीम तृतीय स्थान पर रही। 'स्नैक- अटैक' अंतः महाविद्यालय कुकिंग प्रतियोगिता में पाक-कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसमें अक्षिता व राघवी ने प्रथम, आयशा शेख व हर्षिका ने द्वितीय और बिलोकिता सिंह व दृष्टि सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### नीति कार्यान्वयन पर जागरूकता शिविर

# लोगों की समस्याएं सुन खोजा समाधान



**बेधड़क** | जयपुर

मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर के प्रो बोनो क्लब, स्कूल ऑफ लॉ, द्वारा झालाना बस्ती, जयपुर में नीति कार्यान्वयन पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हाल ही में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के सहयोग व संयोजन से लगवाए गए थे।

इस अवसर पर अश्का राव (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर की सचिव और जयपुर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) और प्रियंका आचार्य (जिला और उच्च न्यायालय में वकील) अतिथि रहीं।

उन्होंने शिविर में लोगों को समस्याओं का समाधान खोजने में भी मदद की। सरकारी नीतियां और योजनाएं संविधान के निदेशक सिद्धांतों और राज्य नीति के माध्यम से निर्देशित होती हैं। इसके पीछे कल्याण और न्याय मुख्य लक्ष्य हैं। ये नीतियां तब प्रभावी होती हैं जब इसका वास्तविक कार्यान्वयन जमीनी स्तर तक पहुंचता है, खासकर समाज के गरीबों और वंचित वर्गों के लिए। इसे आगे बढ़ाते हुए, छात्रों ने यह पता लगाने के लिए झालाना बस्ती में 200 लोगों का सर्वेक्षण किया कि कौन सी नीतियां अभी भी अपने कार्यान्वयन तक नहीं पहुंची हैं। यहां, खराब स्वच्छता, सरकारी योजना लाभ कार्ड की अनुपलब्धता, आंगनवाड़ी शिक्षा, आदि से संबंधित समस्याएं प्रमुख चिंताएं थीं। अन्य मुद्दों में घरों में नल के पानी का अभाव, बिजली कटौती, सरकारी औषधालयों का देर से या न खुलना आदि शामिल हैं। इस तरह, समस्याओं की पहचान और इस पर शिकायत तंत्र पर पूर्व-अनुसंधान के माध्यम से शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों ने न केवल झालाना बस्ती के लोगों को जागरूक किया बल्कि उनकी चिंताओं को अधिकारियों तक पहुंचाने में भी मदद की। क्लब भविष्य के लिए ऐसे और भी आयोजन करने का इरादा रखता है।

#### प्रो. बोनो क्लब के बारे में

प्रो बोनो क्लब छात्रों के लिए और के छात्रों द्वारा एक क्लब है। इसमें मानना की गई है कि समाज में सहायता रहित और वंचित व्यक्तियों के लिए निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करने से छात्रों में समुदाय के प्रति एक जिम्मेदारी पैदा होती है।

### इंडिया राइजिंग कॉन्फ्रेंस कल से

**जयपुर**। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर 15 से 16 फरवरी तक अपना 11वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन- इंडिया राइजिंग आयोजित कर रहा है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधायक बालमुकुंद आचार्य और विशिष्ठ अतिथि टाटा मोटर्स के पूर्व सीईओ व उपाध्यक्ष रविकांत होंगे। इस दौरान युवाओं पर एक विशेष सत्र भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्टैंड-अप कॉमेडियन हर्ष गुजराल और शीर्ष डिजाइनर आकिब वानी मौजूद रहेंगे। इसमें 20 से अधिक फोर्ब्स 30 अंडर 30 वक्ता होंगे, जो भारत के डवलपमेंट पर चर्चा करेंगे। इसका आयोजन निदेशक डॉ. प्रभात पंकज एवं सम्मेलन संयोजक डॉ. दानेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

**सम्मान** | ग्लोबल आईपी कॉन्क्लेव का आयोजन

# JECRC यूनिवर्सिटी को IP उत्कृष्टता पुरस्कार

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय आईपी राष्ट्रीय परिषद और एसोसिएट चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) ने आईपी उत्कृष्टता पुरस्कारों और ग्लोबल आईपी कॉन्क्लेव के अवसर पर जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी को एसोचैम द्वारा सर्वश्रेष्ठ आईपी उत्कृष्टता यूनिवर्सिटी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

ये पुरस्कार दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश अनीश दयाल ने प्रदान किया। सम्मान समारोह में प्रवीण आनंद, हेमांग शाह, जॉन सिबेका, हिरोकी वाटानाबे और डॉ. शिरेशेन्दु मुखर्जी सहित अन्य मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। यह सम्मान विश्वविद्यालय में



आईपी के क्षेत्र में किए गए अथक समर्पण और उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण है। भारत के विभिन्न शिक्षा और उद्योग क्षेत्रों से नामांकनों में से जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी को ज्यूरी द्वारा शीर्ष 15 प्राप्तकर्ताओं में से एक के रूप में चुना गया। पी.शिवानी सिंह, हेड एल-डी, आईपीआर सेल, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने इस अवसर पर कहा की हमारी यात्रा दो साल पहले एक स्पष्ट दृष्टिकोण भारत में एक मजबूत आईपी इकोसिस्टम के विकास में योगदान करने के साथ शुरू हुई थी और इसके फल स्वरूप हमें इससे पुरस्कृत किया गया।

यूनिवर्सिटी हमेशा ऐसे ही आई पी विकास में योगदान करती रहेगी। साथ ही उन्होंने बताया की अब तक 250 से ज़्यादा टीचर्स को पेटेंट राइटिंग की ट्रेनिंग दी गई है और अब तक 132 पेटेंट्स रजिस्टर हो चुके है जो कीनए विचार और अनुसंधान में जेईसीआरसी की लगन और मेहनत का प्रमाण है।

#### गर्व और खुशी का अवसर

अर्पित अग्रवाल, वाइस चेयरपर्सन, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने इस इस अवसर को गर्व और खुशी का अवसर बताया और कहा की हालांकि, इस पहचान के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। हम भारत की वैश्विक आविष्कार सूची (GII) में भारत के वैश्विक स्थान को ऊंचा करने के लिए आईपीआर पारिस्थितिकी को बनाए रखने का महत्व मानते हैं। दुनिया अब हमसे अधिक योगदान, आविष्कार और अनुसंधान के लिए उम्मीद के साथ देख रही है। हम अपने फैकल्टी और छात्रों से सभी नए विचारों का स्वागत करते हैं ताकि हम एक साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर अधिक उपलब्धियों को हासिल कर सकें।

### चिकित्सा शिविर में 200 मरीज लाभान्वित

**जयपुर**। श्री रामकृष्णा फाउंडेशन ट्रस्ट एवं गोदावरी देवी फाउंडेशन संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजित हुआ। इसमें यूरोलॉजी, मेडिसिन, ऑर्थो, कार्डियो ,गैस्ट्रो समेत अन्य समस्याओं को लेकर 200 मरीजों ने निशुल्क उपचार दिया गया। चिकित्सा शिविर में एसआरके मैक्स के डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. यादवेंद्र गुप्ता, डॉ. अनुभूति शर्मा, डॉ. सचिन गोयल, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. विश्राम गुर्जर, डॉ. निमिष जैन एवं डॉ. राहुल ने निशुल सेवाएं प्रदान की। डा. राकेश शर्मा ने बताया कि वर्तमान में लाइफ स्टाइल डिजीज लगातार बढ़ती जा रही है, ऐसे में स्वस्थ रहने के लिए नियमित दिनचर्या आवश्यक है।

# उसकी मुस्कान खिजां में ले आती थी बहार



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार



14 फरवरी मधुबाला की जयंती पर विशेष

उसका चेहरा आज भी अपनी एक झलक में न जाने कितनी मासूमियत, कितने दर्द और कितनी मोहब्बत जताते दिखता है। 36 वर्ष की छोटी-सी जिंदगी में प्यार, उदासी, अलगाव और टूटे वायदों को समेटे इस दुनिया से रुखसत हो गई वो सुंदरता की मूरत।

'हमें देखकर ये कौन छिप गया बहार?
'छिपा नहीं साहबे आलम छिपाया गया है
'क्यों
'संगतराश का ये दावा है कि
जब ये मुजस्सिमां बेनकाब होगा तो...
'बेखौफ होकर कहो,
कभी-कभी दावे दिलचस्प भी हुआ करते हैं।
'उसका ये दावा है कि इसे देखकर
सिपाही अपनी तलवार,
शहंशाह अपना ताज़ और इंसान अपना दिल
निकालकर उसके कदमों में रख देंगे।
'संगतराश का दावा दिलचस्पी की हदों से
आगे बढ़ गया है। हम उसके फन का गुरूर
देखना चाहते हैं....' और फिर, शहंशाह

देखते रह गए... नीली आंखें, सांचे में ढला चेहरा, दिलकश मुस्कान, मरमरी हाथ और तराशा हुआ संगमरमरी बदन... ताजा हवा के झोंके की मानिंद था उसकी खूबसूरती का पैमाना। मदहोश कर देने वाली खुशबू और ओस-सी मासूमियत भरी ताजगी। वो अनारकली थी। अनारकली शब्द सुनते ही, आंखों के आगे फिल्म 'मुगल-ए-आज़म की खूबसूरत और मासूम अभिनेत्री मधुबाला का अक्स उभरता है। वो तारीख जिस दिन दुनिया मोहब्बत का दम भरती है, उसी तारीख 14 फरवरी 1933 को दिल्ली में जन्मी थीं, प्यार के रंग में तर यह तस्वीर, एक ऐसे गरीब मुस्लिम परिवार में, जहां दो वक्त की रोटी भी बामुश्किल मयस्सर होती थी, नाम रखा गया मुमताज यानी विशिष्ट या खास। परवरदिगार ने बेपनाह खूबसूरती बख्शी थी। ग्यारह भाई-बहनों में से पांचवीं थीं। संघर्षमय बचपन रहा। एक दिन पिता अताउल्ला खां की फैक्ट्री बंद हो गई। तब उन्हें उस फकीर की याद आई, जिसने मुमताज को देख कहा था कि इसके माथे पर नूर है और ये बहुत नाम कमाएगी। तब पिता को उसमें रोशनी की एक किरण-सी नज़र आई और उन्होंने मुंबई जाने का फैसला कर लिया।

तब मुमताज महज आठ साल की थी। एक दिन किस्मत ने उनके दर पर दस्तक दी। मुमताज को 'बसंत' फिल्म में शांति के बचपन का रोल मिला। पगार सौ रुपए महीना। उस दिन पूरा घर खुशी से झूम उठा। उसे बेबी मुमताज के नाम से पहचान मिली। इसी बीच उसकी मुलाकात सुपर स्टार देविका रानी से हुई। उन्होंने उसे मधुबाला नाम दिया। काम बढ़ने लगा। 1947 में चौदह वर्ष की उम्र में केदार शर्मा ने उसे 'नील कमल' में बतौर लीड हीरोइन साइन किया। उसकी ख्याति भोर के सूरज की तरह अचानक उगकर दुनिया को चौंका गई। जब मधुबाला 'पराई आग' की शूटिंग में थीं, तब कमाल अमरोही की नज़र उस पर पड़ी। वे मधुबाला के सौंदर्य को परदे पर उतारना चाहते थे। उन्हें 'महल' के लिए ऐसी अदाकारा की दरकार थी, जो बिना आत्मा की प्रेतात्मा जैसी नज़र आए और मधुबाला उनके इस पैमाने पर खरी उतरती थी। कमाल ने उसकी सुंदरता को बड़ी ही नफासत से इस फिल्म के एक गाने, आएगा आने वाला... में पेश किया। इसी के साथ दोनों का प्यार भी खूब परवान चढ़ा, लेकिन यह साथ चंद दिनों का था। कमाल शादीशुदा थे। एक बार शूटिंग के लिए निकलते समय मधुबाला को खांसी आई। मुंह में कफ के साथ खून आया। बाद में पता चला मधु के दिल में छेद है। 1954 में शूटिंग के दौरान उसे खून की उल्टी हुई। इसी बीच, उसकी शोहरत आसमां छू रही थी। फिर उनकी ज़िंदगी में प्रेमनाथ आए और गए। फिल्म 'तराना' के सेट पर दिलीप कुमार को दिल दे बैठी। मधु ने उन्हें लाल गुलाब और उर्दू में लिखा खत भेजा, जिसे दिलीप ने खुशी से कबूल कर लिया। वह उनकी बेइंतहा मोहब्बत में खो गई, लेकिन इस रिश्ते पर किसी का पहरा था पिता अताउल्ला खां का। 'मुगल-ए-आज़म' के दौरान दोनों की निकाह के चर्चे भी चले। 'नया दौर' के लिए दोनों को साइन किया गया तो पिता अदालत तक पहुंच गए। तमाम मुश्किलात के चलते दिलीप भी उसकी जिंदगी से निकल गए। 'मुगल-ए-आज़म' नौ साल में पूरी हुई। इस फिल्म ने न सिर्फ कई रिकॉर्ड कायम किए, बल्कि कई अवॉर्ड भी जीते। हॉलीवुड के अखबार उसे 'वीनस ऑफ इंडियन सिनेमा' की उपाधि दे रहे थे। इधर, वह सुहागिन मरना चाहती थी। कई रिश्ते आए, मगर उन्होंने किशोर कुमार से शादी कर ली। किशोर कुमार के साथ हार्ट सर्जरी के लिए लंदन गईं। फिर, अपने पुराने घर लौट गई। मौत की पदचाप अब उसे साफ सुनाई देने लगी थी। 23 फरवरी, 1969 को लंबी बीमारी के बाद वे इस जहां से रुखसत कर गईं। उनकी डायरी भी उनके साथ दफन हो गई। जब दिलीप मुंबई लौटे तो सीधे कब्र पर देर तक रहे।

**खुशनसीब... जिसे दिया पहला गुलाब:** बचपन के साथी लतीफ ने मधुबाला की कब्र पर वही लाल गुलाब रखा, जो उसने रुखसती के वक्त लतीफ को इस वायदे के साथ दिया था कि वो लौटकर आएगी। लतीफ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। लोगों का कहना है कि हर साल वो मधुबाला की पुण्यतिथि पर उनकी कब्र पर जाकर लाल गुलाब के फूल चढ़ाते हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## वैलेंटाइन-डे विशेष: प्यार तो आडंबरहीन है...

# प्रेम का 'बाजार पर्व' बन गया वैलेंटाइन डे



मनीष कुमार चौधरी
व्यंग्यकार

"प्यार का वास्तविक अर्थ बाजार ने अपनी जरूरत के मुताबिक बदल डाला है। सहज आकर्षण को इश्क-प्यार की परिभाषा देकर महंगे उपहारों और विज्ञापनी चकाचौंध में लपेट दिया गया है। निजता के इस एहसास को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने का नतीजा ही है कि प्रेम की शाश्वतता और आत्मीयता तो कहीं काफूर हो गए हैं, बस रह गया है तो प्यार का भौंडा प्रदर्शन।"

फरवरी की चौदहवीं तारीख दुनिया के कई कोनों में जश्न-ए-इश्क के लिए मुकर्रर है, लेकिन क्या प्रेम-प्यार को हम किसी कलैंडर के वार, तारीख, महीने में बांट सकते हैं या उसके लिए किसी नियत समय के लिए प्रतीक्षारत रह सकते हैं! कदापि नहीं। प्यार कोई 'करने की चीज' नहीं है, यह तो 'होने' का एहसास है। प्रेम की अभिव्यक्ति और स्वीकृति मौन होती है। ऐसे में किसी 'वैलेंटाइन-डे' की हमें जरूरत क्यों महसूस हो?

पश्चिम को वैलेंटाइन-डे की जरूरत इसलिए पड़ी कि तीसरी सदी के रोमन सम्राट क्लॉडियस द्वितीय से संत वैलेंटाइन की ठन गई थी। क्लॉडियस को अपनी सैन्य- शक्ति बढ़ाने के लिए कुंआरे नौजवान चाहिए थे। उसने अपने राज्य में शादी-ब्याह पर प्रतिबंध लगा दिया। जो युवक-युवती शादी करते पाए जाते, क्लॉडियस उन्हें कारागार में डाल देता। क्लॉडियस की कैद से निकल भागने वाले युवक-युवतियां जिस ईसाई संत की शरण में जाते थे, उनका ही नाम वैलेंटाइन था। संत वैलेंटाइन उनकी शादी करवा देते और उन्हें सिखाते थे कि प्रेम के साथ जीवन कैसे जीना चाहिए। क्लॉडियस के कैदखाने में जो युवक-युवतियां फंस जाते, उन्हें भी वहां से आजाद कराने की गुपचुप कोशिश वैलेंटाइन करते, लेकिन आंखों में खटक रहे संत वैलेंटाइन को क्लॉडियस ने आखिरकार मौत की नींद सुला दिया। मौत की सजा पाने से पहले वैलेंटाइन भी प्रेम के एहसास में डूबे थे। क्लॉडियस के जिस कैदखाने में वे थे, वहीं से उन्होंने जेलर की बेटी को अपने प्रेम का पैगाम भेजा था। इस पैगाम के अंत में लिखा था- 'तुम्हारे वैलेंटाइन की ओर से...।' यही वह पंक्ति है, जो पहले यूरोप और फिर दुनिया भर के प्रेमी-युगल सत्रह सदी बाद भी एक-दूसरे को लिखना पसंद करते हैं।

दरअसल, वैलेंटाइन-डे प्रेम का त्योहार उतना नहीं है, जितना निर्भीकता का। निर्भीकता व्यक्तिगत और सामाजिक संबंधों में भी दिखाई जानी चाहिए। कोई प्रेमी विवाह के बाद यह अनुभव करे कि उनके बीच प्रेम का दरिया सूख गया है और संबंधों में सिर्फ रेत बची है, ऐसे समाजों को संत वैलेंटाइन की जरूरत नहीं है। हर आदमी अपना वैलेंटाइन खुद है। यानी प्यार नितांत निजी मामला होता है। प्यार कुछ ऐसा नहीं है जिसे आप ढूंढते हैं। प्यार कुछ ऐसा है जो आपको ढूंढता है। लेकिन बाजार ने इस एहसास में इस तरह सेंध मारी कि होते-होते प्रेम दिल की सीमाओं को बेध कर प्रदर्शन की विषय-वस्तु बन कर रह गया है। प्यार का वास्तविक अर्थ बाजार ने अपनी जरूरत के मुताबिक बदल डाला है। सहज आकर्षण को इश्क-प्यार की परिभाषा देकर महंगे उपहारों और विज्ञापनी चकाचौंध में लपेट दिया गया है। निजता के इस एहसास को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने का नतीजा ही है कि प्रेम की शाश्वतता और आत्मीयता तो कहीं काफूर हो गए हैं, बस रह गया है तो प्यार का भौंडा प्रदर्शन। प्यार की ताकत के बारे में दार्शनिक लाओत्से की कही इस बात में प्यार का सार छिपा है, 'किसी के द्वारा अत्यधिक प्रेम किए जाने से आपको शक्ति मिलती है, जबकि किसी को अत्यधिक प्रेम करने से आपको साहस मिलता है।'





प्रायः सभी समाजों में प्रेम-संबंधों को लेकर हिचकिचाहट रही है। पुरुष तो फिर भी अपने प्रेम को अभिव्यक्त कर सकता था, पर स्त्री के लिए इसे जतलाना-बतलाना एक घुटन भरी समस्या थी। व्यवस्था और भावनाओं के इसी ताने-बाने से पुरुष के लिए प्रेमी और स्त्री के लिए प्रेमिका जैसे परिचय गढ़े गए। मानो यह प्रपंच प्रेम करने के लिए नहीं, बल्कि प्रेम किए जाने के लिए हो। लड़का-लड़की दोनों प्रेम कर सकते हैं और प्रेम का इजहार भी, यह परिवर्तन वैलेंटाइन-डे की वजह से नहीं आया है। वैलेंटाइन-डे तो इस परिवर्तन की एक सांस्कृतिक अभिव्यक्ति भर है। बाजार ने इसमें थ्रिल और रोमांच का तड़का लगाया है। यह भारतीय समाज की आंतरिक रचनात्मकता की देन नहीं, बल्कि पश्चिम के कुछ खास तत्वों की नकल करने वाले वर्ग का आडंबर है। प्रेम के ऐतिहासिक आख्यानों की गहराई से आधुनिक समाज का बाजार-पर्व बनता वैलेंटाइन-डे जिस मोड़ पर आ खड़ा हुआ है, उसमें संत वैलेंटाइन का क्या दोष?

तो फिर प्रेम किसे कहें? इसकी गहराई जाननी हो तो शहीदे आजम भगत सिंह के एक पत्र की कुछ पंक्तियों पर गौर फरमाएं, जो उन्होंने असेंबली में बम फेंकने से पहले सुखदेव को लिखा था। 'जिंदगी बहुत खूबसूरत है, मगर उसे और भी अधिक खूबसूरत बनाया जाना चाहिए,' कहने वाले भगत सिंह ने प्रेम के बारे में काफी गहरी बातें लिखी थीं। पत्र की कुछ पंक्तियां इस प्रकार थीं- 'किसी व्यक्ति के चरित्र के बारे में बातचीत करते हुए एक बात सोचनी चाहिए कि क्या प्यार कभी किसी मनुष्य के लिए सहायक सिद्ध हुआ है? हां! वह मेजिनी था। अपनी पहली विद्रोही असफलता, मन को कुचल डालने वाली हार, मरे हुए साथियों की याद वह बर्दाश्त नहीं कर सकता था। वह पागल हो जाता या आत्महत्या कर लेता, लेकिन अपनी प्रेमिका के एक ही पत्र से, वह पहले से अधिक मजबूत हो गया। जहां तक प्यार के नैतिक स्तर का संबंध है, मैं यह कह सकता हूं कि यह अपने में कुछ नहीं है सिवाय एक आवेग के। लेकिन यह पाशविक वृत्ति नहीं, एक अत्यन्त मधुर, मानवीय भावना है। प्यार तो हमेशा मनुष्य के चरित्र को ऊपर उठाता है। यह कभी भी उसे नीचा नहीं करता बशर्ते कि प्यार, प्यार हो। सच्चा प्यार कभी गढ़ा नहीं जा सकता। यह अपने ही मार्ग से आता है। कोई नहीं कह सकता, कब...! एक युवक एक युवती आपस में प्रेम कर सकते हैं और वे अपने प्रेम के सहारे आवेगों से ऊपर उठ सकते हैं, अपनी पवित्रता बनाए रख सकते हैं।'

आज का युवा वर्ग क्रांतिकारी भगत सिंह की प्रेम के बारे में ऐसे गंभीर और मन को मथने वाले विचारों की तो कल्पना ही नहीं कर सकता। इसलिए कि आज के प्यार में बनावटीपन इतना है कि वह भी उसे खरीदा हुआ जीना पड़ता है। आज किसी युवक-युवती को एक-दूसरे की मासूमियत और चरित्र आकर्षित नहीं करते, बल्कि प्रोडक्शन का कोई नया मॉडल, नया मेकअप, दैहिक आकर्षण उन्हें अपनी ओर जरूर खींच लेता है। ऐसे में वे भला असली शहद की तरह सच्चे प्यार का स्वाद कैसे चख पाएंगे! संचार क्रांति और मुक्त अर्थव्यवस्था के पंखों पर सवार प्रेम अब सिर्फ भावना नहीं रहा। इस भावना से जुड़ी त्याग, एहसास, प्रतीक्षा, वादों की समूची दुनिया नई शक्ल ले रही है। प्रेम के ऐतिहासिक आख्यानों की गहराई से आधुनिक समाज का बाजार-पर्व बनता वैलेंटाइन-डे जिस मोड़ पर आ खड़ा हुआ है, उसमें संत वैलेंटाइन का क्या दोष?

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# अपना-अपना वसंत



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

स्कूल के आसपास न हरियाली न बाग बगीचा और न कहीं बसंती मौसम में दिखने वाले रंग-बिरंगे खुशबू फैलाने वाले फूल। मास्टर रामसुख जी अपने स्कूल के बच्चों को प्रकृति के बीच बसंत का महत्व बताने के लिए कुछ दूरी पर बने एक फार्म पर ले गए। प्रकृति की कृपा से वहां के बगीचे में पूरे बसंती माहौल गुनगुना रहा था। सारा बगीचा सुहानी धूप से तरोताजा लग रहा था। वहां भिन्न-भिन्न तरह के फूल खिले थे। आम के पेड़ पर कोयल अपना गीत सुना रही थी। फूलों पर तितलियां और भंवरे मंडरा रहे थे। फूलों से लदी डालियां अपनी मस्ती में झूम रहीं थीं। पास ही में सरसों के पीले खेत अपना मनभावन रूप बिखेर रहे थे। बच्चे ऐसे बाताबरण को देख खुश हो गए।

मास्टर रामसुख जी ने बच्चों को बगीचे की हरी दूब में बिठाकर मां सरस्वती की तस्वीर लगाई और उसकी पूजा अर्चना की। फिर बसंत ऋतु के महत्व पर पर प्रकाश डालते हुए विद्यादायिनी मां सरस्वती के जन्म और उसकी कृपा के गुण गान किए। इस मौसम की विशेषता है कि न सर्दी लगती न गर्मी। बच्चों ने गीत कविता सुनाई और कार्यक्रम के बाद स्कूल जाने को हुए।

तभी कुछ युवक-युवती ढोल की थाप पर थिरकते हुए बगीचे में आ गए। जो जय-जय बसंत जय-जय वैलेंटाइन डे के नारे लगाते रहे और टेप के गानों पर डांस करने लगे। बच्चे डांस का माहौल देख खुश हो गए और वह भी डांस की मस्ती में झूमने लगे। युवक-युवती भी उन्हें देख ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन करने लगे। मास्टर रामसुख जी बच्चों से कहने लगे यह हमारी संस्कृतिक नहीं है, कहते हुए उन्हें स्कूल की पगडंडी की ओर ले आगे बढ़ गये। अब भी कई बच्चे पीछे मुड़ मुड़ युवाओं के डांस को देख रहे थे।

इधर युवक-युवती जल्दी ही अपने साथ लाये टेप पर गाने लगाकर डांस करने लगे। आजकल तेरे मेरे प्यार की चर्चे हर जुबान पर। सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था। कुछ कुछ होता है। शायद मेरी शादी का ख्याल। अभी ना जाओ छोड़ कर दिल अभी भरा नहीं। डांस के बाद थोड़ा खाया पिया और फिर वसंत की पीठ पर सवार हो वैलेंटाइन डे मनाते रहे। अब वे प्रकृति के सुंदरता को निहारते सरसों के पीले खेत की ओर बढ़ चले। वहां अलग-अलग पोज बना कर रस रसीले फोटो ले वसंत और वैलेंटाइन डे की खुशियां में डूबते रहे। अब भी दूर तक ढोल की आवाज सुनाई दे रही थी।

## नॉलेज कॉर्नर: कानून का उल्लंघन पर कड़ी सजा का प्रावधान

# मुस्लिम देशों में वैलेंटाइन डे मनाने पर पाबंदी


**प्यार** करने वालों के लिए फरवरी का महीना बड़ा खास है। क्योंकि इस महीने की 14 तारिख को हर साल वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। कई देशों में लोग इस मौके को अपने प्रेमियों को चॉकलेट, फूल और कार्ड देकर मनाते हैं। हालांकि, कुछ देश ऐसे भी हैं, जिन्होंने वैलेंटाइन डे के उत्सव को मनाने पर रोक लगा रखी है, वो भी सिर्फ इसलिए क्योंकि यह उनके धर्म का हिस्सा नहीं है। दुनियाभर के कुछ देशों में वैलेंटाइन डे को बैन किया हुआ है। यहां तक की इस कानून का उल्लंघन करने वालों को कड़ी सजा तक भुगतनी पड़ती है। तो आइए जानते हैं उन देशों के बारे में , जहां वैलेंटाइन डे मनाना गैरकानूनी है।

### मलेशिया में 2005 से बैन

मलेशिया में साल 2005 में इस इस्लामिक देश ने फैसला लिया कि अब वेलेंटाइन डे नहीं मनाया जाएगा। इस नियम को लागू किया जा सके, इसके लिए फतवा जारी किया गया। इसके पीछे का कारण बताते हुए कहा गया कि 14 फरवरी को युवाओं की बर्बादी और नैतिक पतन के प्रवेश द्वार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि कुछ लोग इसे मनाने के तरीके ढूंढ लेते हैं। वैलेंटाइन पर सार्वजनिक स्थान पर प्यार का इजहार करने को लेकर यहां कई कपल्स गिरफ्तार हो चुके हैं। 2012 में पुलिस ने न केवल होटलों में तोड़-फोड़ की थी बल्कि 200 से ज्यादा मुसलमानों को गिरफ्तार भी किया गया था।

### सऊदी अरब में भी रोक

सऊदी अरब दक्षिण पश्चिम एशिया में स्थित एक मुस्लिम राष्ट्र है। जैसा कि सऊदी अरब में प्यार का सार्वजनिक प्रदर्शन वर्जित है, वेलेंटाइन डे का उत्सव देश की विचारधारा के खिलाफ है। सऊदी अरब में कई विदेशी ईसाई कर्मचारी हैं। हालांकि



विदेशियों को यहां आने और काम करने की अनुमति है। यहां उनके धर्म का प्रैक्टिस वर्जित है। इसलिए, 14 फरवरी को, वेलेंटाइन डे से जुड़ी कोई भी चीज जैसे लाल गुलाब या टेडी बियर का उत्सव या बिक्री बैन है। पहले यहां जो लोग वैलेंटाइन का जश्न मनाते थे, उनके सामानों को जब्त कर लिया जाता था। यहां तक की उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया और सजा दी गई।

### पाकिस्तान में 2018 से बंद

पाकिस्तान में वैलेंटाइन डे को इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ माना जाता है। यहां एक नागरिक ने 2018 में इस्लामाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि वैलेंटाइन डे पश्चिम की संस्कृति का आयात है और इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है। इसके बाद कोर्ट ने वैलेंटाइन डे पर बैन लगा दिया। इस फैसले को लेकर पाकिस्तान में लोगों ने काफी विरोध भी किया था।

### ईरान में उतपादों पर भी रोक

ईरान एक इस्लामिक देश है, जहां धार्मिक मौलवियों का राज है। यहां की सरकार ने सभी वैलेंटाइन डे के उपहारों और वुस्तुओं के उतपादन पर रोक लगा दी है। साल 2010 में ईरान ने वैलेंटाइन डे पर आधिकारिक रूप से बैन लगाया था। सरकार ने फैसला लिया था कि वेलेंटाइन डे पतन की तरफ ले जाने वाला त्योहार है, जो पतित पश्चिमी संस्कृति और नाजायज रिश्तों को बढ़ावा देता है।

### उज्बेकिस्तान में 2012 तक मना वैलेंटाइन

*मध्य एशिया के लैंड लॉक्ड देश उज्बेकिस्तान को 1991 में सोवियत संघ से आजादी मिली थी। बेशक आज पूर्व सोवियत संघ के देशों में वैलेंटाइन मनाया जाता हो, लेकिन उज्बेकिस्तान में नहीं मनाया जाता। वैलेंटाइन डे को यहां गैर कानूनी तो नहीं माना जाता।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

## X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
सिर झुके बस उस शहादत में
जो शहीद हुए हमारी हिफाजत में!
14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए गोविंदपुरा(बासड़ी) के लाल अमर शहीद रोहिताश लाम्बा जी की मूर्ति के अनावरण समारोह में सम्मलित होकर माँ भारती के सच्चे सपूत को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।
राष्ट्र रक्षार्थ हेतु आपका बलिदान सभी को सदैव प्रेरित करता रहेगा।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के नेतृत्व में तीसरी बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का कार्य हमारा अन्नदाता किसान करेगा...



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
किसान भाइयों आज ऐतिहासिक दिन है!
कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार MSP की कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है।
यह कदम 15 करोड़ किसान परिवारों की समृद्धि सुनिश्चित कर उनका जीवन बदल देगा।
न्याय के पथ पर यह कांग्रेस की पहली गारंटी है।

**महाराष्ट्र: लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का महाराष्ट्र में** विपक्षी गठबंधन एमवीए को तगड़ा झटका

# पूर्व सीएम चव्हाण ने थामा BJP का दामन, बदलेंगे सियासी समीकरण

**एजेंसी** | मुंबई

एक दिन पहले कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए।

अशोक चव्हाण मुंबई में भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत बावनकुले ने पार्टी में उनका स्वागत किया। चव्हाण के साथ ही कांग्रेस के पूर्व एमएलसी अमर रजुरकर ने भी भाजपा की सदस्यता ली। चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने को देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। चव्हाण को राज्य के मराठवाडा क्षेत्र का बड़ा नेता माना जाता है।

इससे कई सियासी समीकरण बदलने की संभावना है। चव्हाण ने मंगलवार सुबह ही भाजपा में जाने की पुष्टि कर दी थी। चव्हाण के सोमवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अन्य सभी पदों से इस्तीफा देने के साथ ही उनके भाजपा में जाने के कयास शुरू हो गए थे।





### राज्य सभा में जाने की हैं अटकलें

चव्हाण के राज्यसभा में जाने की अटकलें हैं। वे राज्यसभा नहीं जाते हैं तो नांदेड़ की सीट से फिर मैदान में उतर सकते हैं। महाराष्ट्र भाजपा में अशोक चव्हाण की क्या भूमिका होगी, इसको लेकर भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व फैसला लेगा। चव्हाण के भाजपा में शामिल होने के मौके पर खुद डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि चव्हाण दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। उनका कद बड़ा है, ऐसे में उनकी भूमिका क्या होगी, यह पार्टी नेतृत्व तय करेगा।

### उद्धव ठाकरे ने किया भाजपा पर कटाक्ष

शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने चव्हाण को लेकर भाजपा पर जमकर कटाक्ष किया और कहा कि भाजपा का प्रमुख काम भ्रष्ट नेताओं को पार्टी में शामिल करना और उन्हें सीएम या उपमुख्यमंत्री का पद देना है। भाजपा के 'मोदी गारंटी' वाले नारे पर तंज कसते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि इनका काम भ्रष्ट नेताओं को भाजपा में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि मैं मोदी जी से पूछना चाहता हूं कि आपके भाजपा नेता आपके सपने को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए आप पार्टियों को तोड़ रहे हैं। भाजपा ने मेरी पार्टी शिवसेना को तोड़ा, एनसीपी को तोड़ा और अब कांग्रेस से अशोक चव्हाण को अलग किया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा अशोक चव्हाण को राज्यसभा भेजती है तो ये सैनिकों का अपमान होगा। दरअसल अशोक चव्हाण पर आदर्श हाउसिंग घोटाले को लेकर आरोप लगे थे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि पीएम मोदी और देवेंद्र फडणवीस भी अशोक चव्हाण पर आदर्श हाउसिंग घोटाले को लेकर आरोप लगा चुके हैं।

### भाजपा के दबाव में बिखर रहे नेता

शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने कहा कि वह चव्हाण के भाजपा में शामिल होने से बिल्कुल भी अचंभित नहीं हैं, लेकिन जो नेता अपनी ताकत से भाजपा से लड़ने की क्षमता रखते हैं, वे दबाव में बिखर रहे हैं। पार्टी के प्रवक्ता क्लाइड क्रेस्टो ने कहा कि चव्हाण एक और उदाहरण हैं, कैसे भाजपा विपक्षी नेताओं पर दबाव बना रही है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि भाजपा अपनी असली पहचान खो चुकी है और ये सभी कांग्रेस नेताओं को आयात कर रहे हैं।

## AAP: गोवा एक, गुजरात की 2 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए दक्षिण गोवा की एक और गुजरात की दो सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। आप ने देश की सबसे पुरानी पार्टी पर सीट बंटवारे को लेकर बातचीत में देरी करने का आरोप लगाया है। आप के संगठन महासचिव संदीप पाठक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दक्षिण गोवा से वेंजी विएगास और गुजरात के भरूच और भावनगर सीट से क्रमशः चैतर वसवा और उमेशभाई मकवाना पार्टी के उम्मीदवार होंगे। पाठक ने कहा, गुजरात में पिछले विधानसभा चुनाव में अपने वोट शेयर के आधार पर पार्टी ने राज्य में लोकसभा की आठ सीट अपने लिए मांगी हैं और 26 में से 18 सीट कांग्रेस के लिए छोड़ी हैं।

## कोविंद समिति की राज्य चुनाव आयुक्तों से चर्चा

**नई दिल्ली।** एक राष्ट्र, एक चुनाव पर गठित उच्च स्तरीय समिति देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर राज्य चुनाव आयुक्तों के साथ परामर्श कर रही है। इसी क्रम में समिति के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और समिति के सदस्यों ने महाराष्ट्र के चुनाव आयुक्त यूपीएस मदन, कर्नाटक के चुनाव आयुक्त डा. बी. बासवराजू और कर्नाटक के राज्य चुनाव आयोग के सचिव होनम्बा एस. के साथ बैठक की। बैठक में कानून सचिव डॉ राजीव मणि भी मौजूद रहे। स्थानीय निकायों के चुनाव कराने के लिए विभिन्न मुद्दों के निदान की आवश्यकता पर जोर दिया। गत सप्ताह समिति ने राजस्थान के चुनाव आयुक्त मधुकर गुप्ता, केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली के पूर्व चुनाव आयुक्त संजय श्रीवास्तव और हरियाणा के पूर्व चुनाव आयुक्त डा. दलीप सिंह के साथ बैठकें की थी।

**आम आदमी पार्टी के दावे से दिल्ली में** कांग्रेस की राह हुई मुश्किल

# हकदार नहीं है, फिर भी दे रहे हैं एक सीट, 6 सीटें हमारी: पाठक

■ 'आप' की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद घोषणा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अगामी लोकसभा चुनाव में पंजाब और चंडीगढ़ में कांग्रेस को सीटें देने से इनकार कर चुकी आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए दरवाजे वस्तुतः बंद रखने का संकेत दे दिया है। आप ने मंगलवार को कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में छह सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है और कांग्रेस को सिर्फ एक सीट देने की इच्छुक है। अब सियासी हलकों में सवाल उठ रहा है कि क्या कांग्रेस नेता राहुल गांधी व आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल इस गतिरोध को दूर कर लेंगे?

आप ने दावा किया कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में पिछले चुनावों में अपने प्रदर्शन को देखते हुए एक सीट की भी हकदार नहीं है। आप की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने यहां कहा कि वे दिल्ली के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत फिर से शुरू होने के वास्ते एक महीने से अधिक समय से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन कोई संवाद नहीं हुआ है।

पाठक ने कहा, आठ जनवरी और 12 जनवरी को कांग्रेस और आप के बीच दो आधिकारिक बैठकें हुईं। बातचीत अच्छे माहौल में हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। उन्होंने कहा इन दो बैठकों के बाद पिछले एक महीने में कोई बैठक नहीं हुई है। हमें बताया गया कि कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही है और बैठक में कुछ देर होगी। आप और कांग्रेस ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वे 2024 के लोकसभा चुनाव पंजाब में अकेले लड़ेगी, क्योंकि उनके प्रदेश के नेता वहां गठबंधन के पक्ष में नहीं हैं।

पाठक ने कहा कि उनकी दिल्ली की सात में से छह लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने और एक कांग्रेस को देने की योजना है। आप नेता ने कहा, कांग्रेस के पास लोकसभा में शून्य सीटें और विधानसभा में शून्य सीटें हैं। पिछले साल एमसीडी चुनावों में, कांग्रेस ने 250 में से नौ वार्ड जीते थे। यदि आप योग्यता के आधार पर और आंकड़ों के आधार पर देखें, तो कांग्रेस एक सीट की भी हकदार नहीं है। लेकिन गठबंधन धर्म का ध्यान रखते हुए हम उन्हें एक सीट की पेशकश करते हैं।





### कांग्रेस को 22.5 प्रतिशत वोट मिले थे पिछले चुनाव में

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में आप को 18.1 प्रतिशत वोट मिले थे और उसने तीसरा स्थान हासिल किया था, जबकि कांग्रेस को 22.5 प्रतिशत वोट मिले थे और सात लोकसभा सीटों में से पांच पर दूसरे स्थान पर थी। भाजपा को 56.5 फीसदी वोट मिले थे।

### भाजपा ने कांग्रेस पर कसा तंज, कहा-सहयोगियों को नहीं रहा भरोसा

आप के बयान को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस के सहयोगियों को ही उस पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा किं कांग्रेस पार्टी के खिलाफ उसके ही सहयोगियों द्वारा एक और अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया है। भाजपा नेता ने बंगाल का उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ दिन पहले ममता बनर्जी ने कहा कि दो सीटें ले लो, आप दो से अधिक सीटों के लायक नहीं हैं, नहीं तो हम सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंन कहा, पंजाब में भी आप ने कहा कि यहां की सभी सीटों के साथ-साथ हम चंडीगढ़ सीट पर भी अकेले चुनाव लड़ेंगे। शहजाद पूनावाला ने कहा इसी तरह यूपी में भी कांग्रेस को आईना दिखाया गया। यूपी में अखिलेश यादव ने अपनी सीटों का ऐलान करते हुए कहा, कांग्रेस इतनी सीटें ले लो और खुश रहो।

**SC का केंद्र को** नोटिस जारी

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून पर रोक से इनकार



**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित नए कानून पर रोक मंगलवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने याचिका को इस विषय पर लंबित मामलों की सूची में जोड़ते हुए निर्देश दिया कि सभी याचिकाओं पर आम चुनाव से कुछ दिन पहले अप्रैल में सुनवाई की जाए। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस फैसले को केंद्र सरकार के लिए राहत भरा माना जा रहा है। नए कानून के तहत प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाला पैनल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों का चयन करेगा। नए कानून के तहत पैनल में भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल नहीं होंगे।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया।याचिका में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है।एडीआर की ओर से सीनियर वकील प्रशांत भूषण पेश हुए। उन्होंने कहा कि कानून सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले के विपरीत है जिसमें निर्देश दिया गया था कि सीजेआई उस पैनल में शामिल होंगे जो मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करेगा। भूषण ने कहा कि दो चुनाव आयुक्त सेवानिवृत्त होने वाले हैं और अगर कानून के क्रियान्वयन पर रोक नहीं लगाई गई तो याचिका बेकार हो जाएगी।

### अंतरिम राहत नहीं दे सकते

पीठ ने प्रशांत भूषण से कहा, हम आपको इस मामले में अंतरिम राहत नहीं दे सकते। संवैधानिक वैधता का मामला कभी भी बेकार नहीं होता। हम अंतरिम राहत देने के लिए अपने मापदंडों को जानते हैं।

**अखिलेश को चिट्ठी लिख** कई बातों पर जताई नाराजगी

# सपा महासचिव मौर्य का इस्तीफा

**एजेंसी** | लखनऊ

हाल में अपने कई बयानों को लेकर विवादों का केंद्र रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को चिट्ठी लिखकर अपने बयानों पर पार्टी के रुख को लेकर नाराजगी जताई है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा है कि वह कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी के लिए काम करते रहेंगे। ज्ञात रहे कि मौर्य के कई बयानों से सपा और अखिलेश यादव भी कई बार असहज हुए हैं। रामचरितमानस को लेकर मौर्य के बयान से देशव्यापी विवाद हुआ था। सपा के भीतर भी पार्टी के कई नेताओं ने अखिलेश से स्वामी पर कार्रवाई करने की अपील की थी। मौर्य ने पत्र में कहा ,जबसे मैं समाजवादी पार्टी में सम्मिलित हुआ,लगातार जनाधार बढ़ाने की कोशिश की।

मौर्य ने अपने बयानों को निजी राय बताए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इसकी वजह से अगर पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है तो ये बयान निजी कैसे हो सकते हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी में महासचिव पद के अलग-अलग लोगों के बयानों के साथ भेदभाव किया जाता है। मौर्य ने अखिलेश से कई तरह की शिकायतें भी की हैं।

### मेरे सुझावों पर नहीं हुआ अमल

मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव के सामने जातिवार जनगणना कराने, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ों के आरक्षण को बचाने, बेरोजगारी और बढ़ी हुई महंगाई, किसानों की समस्याओं और लाभकारी मूल्य दिलाने आदि मसलों को लेकर प्रदेश व्यापी भ्रमण कार्यक्रम के लिए रथ यात्रा निकालने का प्रस्ताव रखा था। इस पर उन्होंने सहमति भी दी थी और कहा था कि होली के बाद इस यात्रा को निकाला जाएगा। आश्वासन के बाद भी कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया।

## EC ने सिक्किम में चुनाव तैयारियों का लिया जायजा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में भारतीय चुनाव आयोग की टीम ने सिक्किम का दौरा किया। चुनाव आयोग की टीम ने राज्य में मुख्य सचिव, डीसीपी, राज्य पुलिस नोडल अफसर, विशेष डीसीपी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार में चर्चा हुई। सोमवार को चुनाव आयोग ने तैयारियों की समीक्षा के लिए सभी जिला कलेक्टरों के साथ भी बैठक की।

## विद्यार्थी आईडी पर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस




*नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को नई दिल्ली में अपार: एक देश , एक विद्यार्थी आईडी पर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि अब तक 25 करोड़ अपार आईडी बनाई जा चुकी है। अपार में हर विद्यार्थी की विशिष्ट पहचान (12 अंक की आईडी) होगी, जो उसकी बाल वाटिका से पीएचडी की पढ़ाई और नौकरी पाने तक मददगार होगी। आधार की तर्ज पर काम करने वाली इस आईडी को ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (एपीएआर) नाम दिया गया है।*

**लोकसभा चुनाव: भाजपा की बिहार-यूपी में व्यूहरचना सजने लगी**

# यादव मतों को साधने में जुटी भाजपा...एमपी सीएम पहुंचे सपा के गढ़ में

**एजेंसी** | पटना

बिहार में नीतीश कुमार नीत राजग सरकार के बहुमत हासिल करने के साथ ही भाजपा ने बिहार और उत्तर प्रदेश में यादव मतों पर अपनी निगाह जमा दी हैं। भाजपा की रणनीति राजद और समाजवादी पार्टी के मुख्य वोट बैंक में सेंध लगाने की है।

भाजपा की इस रणनीति का संकेत नंदकिशोर यादव को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष बनाने से मिलता है। इसके साथ ही पार्टी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को बिहार और उत्तर प्रदेश में सक्रिय कर यह संकेत दिया है कि राजग में अब यादव नेताओं का महत्व बढ़ रहा है। ऐसे में राजद नेता तेजस्वी यादव और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने अपने कोर वोट बैंक को एकजुट रखने की चुनौती होगी।







ज्ञात रहे कि उत्तर प्रदेश में रालोद के जयंत चौधरी को राजग के साथ लाकर भाजपा जाट मतों को अपनी ओर आकर्षित करने की अपनी रणनीति को पहले ही धार दे चुकी है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव फैक्टर को लेकर अपनी व्यूह रचना शुरू कर दी है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मंगलवार को समाजवादी पार्टी के गढ़ आजमगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि विधानसभा और लोकसभा दोनों में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। लोग भाजपा में शामिल होना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि मैं यहां सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद हूं। उत्तर प्रदेश और आजमगढ़ से मेरा खास रिश्ता रहा है। इससे पहले सीएम मोहन यादव आजमगढ़ क्लस्टर के अंतर्गत आने वाली आजमगढ़-लालगंज-घोसी-बलिया और सलेमपुर समेत पांच लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों की बैठकों में शामिल हुए।

### यह है आजमगढ़ कलस्टर का सामाजिक गणित

आजमगढ़ क्लस्टर में शामिल पांच लोकसभा सीटों में यादव मतदाताओं की बड़ी संख्या हैं। एमपी के सीएम मोहन यादव के जरिए भाजपा संदेश देना चाहती है कि पार्टी में सामान्य यादव परिवार के व्यक्ति को मुख्यमंत्री का पद दिया गया है। पार्टी के दरवाजे यादव समाज के लिए खुले हैं।

### यूपी के इन जिलों का भी दौरा करेंगे मोहन यादव

भाजपा ने पूर्व निर्धारित रणनीति के तहत चुनावों से पहले मोहन यादव का प्रदेश के यादव बहुल इलाकों में चुनावी दौरा शुरू कराया है। सूत्रों के मुताबिक मोहन आने वाले दिनों में मैनपुरी, कन्नौज, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद सहित आलू पट्टी के अन्य यादव बहुल जिलों में भी चुनावी दौरा करेंगे। उनका पहला ही कार्यक्रम सपा प्रमुख अखिलेश यादव के परिवार की परंपरागत लोकसभा सीट मानी जाने वाले आजमगढ़ में रखा गया है। सपा संरक्षक रहे मुलायम सिंह यादव व पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव यहां से सांसद रहे हैं।

### नंदकिशोर यादव के जरिए समीकरण साधने की कोशिश

बिहार में भाजपा ने नंदकिशोर यादव को स्पीकर बना कर यादवों को बड़ा संदेश दिया है। अभी तक माना जाता रहा है कि राजद की ताकत यादव और मुस्लिम मतदाता हैं। इसलिए वह यादव मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सूत्रों के अनुसार यादवों को आकर्षित करने के लिए भाजपा ने बिहार में उनके दो आयोजन कराए। गोवर्धन पूजा के वक्त यादवों का सम्मेलन भाजपा के यादव नेताओं ने आयोजित किया। इसी तरह मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव के स्वागत कार्यक्रम का आयोजन भी भाजपा के ही यादव नेताओं ने किया था। इन आयोजनों के माध्यम से भाजपा का मकसद यह संदेश देना था कि यादवों की चिंता सिर्फ राजद को नहीं है, बल्कि उससे कहीं अधिक चिंता भाजपा करती है।

## जरूरी खबर

### हॉक विमान दुर्घटनाग्रस्त, ट्रेनी पायलट सुरक्षित



**पश्चिम बंगाल।** वायु सेना का हॉक प्रशिक्षण विमान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। फिलहाल इस दुर्घटना में जानमाल के नुकसान के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। वायुसेना ने एक बयान में कहा कि विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) का गठन किया है, जो संभावित तकनीकी खराबी या मानवीय त्रुटि सहित घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी।

### कर्नाटक व आंध्र प्रदेश में कई जगह ED की छापेमारी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले के कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई जगहों पर छापेमारी की। ईडी ने बताया कि दोनों राज्यों में छापेमारी की कार्रवाई में 31 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई है। बता दें कि धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। ईडी ने बताया कि इस मामले में कर्नाटक के बेल्लारी में एफआईआर दर्ज कराई गई थी और 10 फरवरी को तलाशी ली गई थी।

### लोक परीक्षा से जुड़े विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकारी भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी को रोकने के लिए कुछ दिन पहले बजट सत्र में संसद द्वारा पारित लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक-2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि इस कानून का उद्देश्य तमाम सरकारी प्रवेश परीक्षाओं में धांधली रोकना है और धोखाधड़ी की जांच करना है। साथ ही सरकारी परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता लाना है। अधिनियम में सार्वजनिक परीक्षाओं का अर्थ केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकारियों द्वारा आयोजित परीक्षाओं से है। इनमें संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान और भर्ती के लिए केंद्र सरकार के विभाग और उनसे जुड़े कार्यालय शामिल हैं।

## दिल्ली कूच में उमड़ा किसानों का रैला



*नई दिल्ली। किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के चलते मंगलवार को हरियाणा और पंजाब से बड़ी संख्या में किसानों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की ओर कूच किया। पंजाब के विभिन्न इलाकों से ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर टेंट व राशन लेकर निकले किसानों को हरियाणा के बॉर्डर पर रोक दिया गया है। शंभुपुरा बॉर्डर के पास किसानों की भीड़।*

### किसान आंदोलन: एनसीआर में थम गई रफ्तार

# किसानों के काफिले और जाम... आसपास भी नहीं दिखा समाधान


एजेंसी | नई दिल्ली

किसानों का काफिला पंजाब से दिल्ली की तरफ कूच करते ही दिल्ली पुलिस ने दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर पर मंगलवार दोपहर 12 बजे वाहनों की आवाजाही बंद कर दी है। एंबुलेंस समेत आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को ही दिल्ली में प्रवेश दिया जा रहा था।

गाजीपुर बॉर्डर, सिंघु बॉर्डर और संभू बॉर्डर समेत सभी बॉर्डर को सील कर दिया गया है। पूरे एनसीआर में भारी जाम है। इस बीच, विभिन्न फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की किसानों की मुख्यमांग पर जानकारों का कहना है कि इस लागे करना आसान नहीं है।

यदि इसे लागू किया गया तो अर्थव्यवस्था और महंगाई दोनों मोर्चों पर इसका गंभीर असर हो सकता है। फिलहाल देश में 24 फसलों पर एमएसपी लागू है। जानकारों का कहना है कि यदि किसानों की एमएसपी वाली फसलों की खरीद 2020 के आधार पर करने के लिए सालाना कम से कम 10 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय उठाना पड़ेगा।

### MSP लागू होने पर 10 लाख करोड़ का सालाना भार संभव



### इन 24 फसलों पर लागू है एमएसपी

केंद्र सरकार कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों के आधार पर हर साल खरीफ और रबी सीजन से पहले 24 फसलों के लिए एमएसपी अधिसूचित करती है। खरीफ फसलों में धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी के बीज, सोयाबीन, तिल, नाइजरसीड (रामतिल) और कपास शामिल है। वहीं, 10 रबी फसलों में गेहूं, जौ, चना, मसूर, सरसों, कुसुम, टोरिया और अन्य फसलें, कोपरा, भूसी रहित नारियल और जूट।

### राकेश टिकैत ने किया समर्थन

बेंगलुरु। किसान नेता राकेश टिकैत ने मंगलवार को कहा कि एमएसपी पर कानून, स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट को लागू करने और कर्ज माफी की मांग से सभी किसान चिंतित हैं। किसानों ने इन मुद्दों को लेकर दिल्ली कूच किया है, जिसका वो समर्थन करते हैं।

### सड़कें अवरुद्ध: HC ने मांगा जवाब

चंडीगढ़। किसानों के दिल्ली कूच को रोकने के लिए हरियाणा में सड़कों को बाधित करने व इससे लोगों को होने वाली परेशानी को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार, पंजाब सरकार, दिल्ली सरकार और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन सहित दोनों किसान यूनियन को नोटिस जारी कर 15 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

### क्या है न्यूनतम समर्थन मूल्य

एमएसपी वह निश्चित मूल्य है जिस पर केंद्र और राज्य सरकारें और उनकी एजेंसियों किसानों से खाद्यान्न खरीदती हैं। यह खरीदी केंद्रीय पूल के तहत की जाती है जिसका उपयोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत खाद्यान्न मुहैया कराने के लिए किया जाता है। इसके अलावा खाद्यान्न को बफर स्टॉक के रूप में आरक्षित भी रखा जाता है।

### कहां होती है ज्यादातर खरीद

खाद्यान्नों की खरीद बड़े पैमाने पर कुछ राज्यों में केंद्रित है। देश में सबसे ज्यादा गेहूं का उत्पादन करने वाले तीन राज्य मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा इसकी ज्यादातर खरीद करते हैं। वहीं चावल का उत्पादन वाले छह बड़े राज्यों पंजाब, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और हरियाणा की खरीद में ज्यादातर हिस्सेदारी होती है।

### किसानों की मुख्य मांगें

- सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी वाला कानून
- स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के हिसाब से फसल मूल्य निर्धारण
- किसानों और मजदूरों का पूरा कर्ज माफ
- 2021 दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिन किसानों की जान चली गई उनको मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी
- किसानों और मजदूरों को पेंशन
- 2013 जमीन अधिग्रहण अधिनियम लागू किया जाए (किसानों की लिखित सहमति और 4 गुना मुआवजा)
- लखीमपुर खीरी कांड के अपराधियों को सजा
- डब्ल्यूटीओ से भारत की वापसी

### राहुल गांधी की अहम घोषणा

## इंडिया गठबंधन जीता तो देंगे MSP की गारंटी

एजेंसी | नई दिल्ली/ अंबिकापुर



फसलों को लेकर न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसानों के आंदोलन के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो हम एमएसपी की कानूनी गारंटी देंगे। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'किसान भाइयों आज ऐतिहासिक दिन है! कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है। न्याय के पथ पर यह कांग्रेस की पहली गारंटी है।

राहुल गांधी ने अपनी न्याय यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर में एक जनसभा में भी यही बात दोहराई और कहा कि किसान कुछ और नहीं मांग रहे हैं। वह अपना हक ही मांग रहे हैं। इसी मांग के लिए वह दिल्ली की ओर जा रहे हैं तो उन्हें रोका भी जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्षी गठबंधन इंडिया की केंद्र में सरकार बनी तो हम एमएसपी की गारंटी देंगे।

उन्होंने जनसभा में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा, केंद्र सरकार एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा तो करती है, लेकिन वह उनके सुझावों को लागू करने के लिए तैयार नहीं है। ज्ञात रहे कि स्वामीनाथन आयोग ने खेती व किसानों के लिए एमएसपी समेत कई सिफारिशें की हैं।

राहुल ने पीएम मोदी पर छोटे व्यापारियों को बर्बाद करने के लिए दो हथियारों जीएसटी और नोटबंदी का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,देश में दो तरह के अन्याय हो रहे हैं। एक आर्थिक अन्याय और दूसरा सामाजिक अन्याय। आर्थिक अन्याय में बेरोजगारी फैल रही है। बड़े-बड़े अरबपति चीनी माल हिंदुस्तान में बेच रहे हैं। शर्ट, पैंट मोबाइल सब देखिए इनमें 'मेड इन चाइना' लिखा होता है। यदि यह सामान हिंदुस्तान में बनता तब यहां के बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलता।

### पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना

## मुफ्त बिजली से रोशन होंगे एक करोड़ घर

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना की घोषणा की। यह रूफटॉप सोलर स्कीमम है।

इस योजना का लक्ष्य 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके एक करोड़ घरों को रोशन करना है। योजना पर सरकार 75,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करेगी। योजना के तहत सरकार लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे सब्सिडी डालेगी। उन्हें रियायती दरों पर बैंक लोन का बंदोबसस्त भी किया जाएगा। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, सतत विकास और लोगों की भलाई के लिए, हम पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना शुरू कर रहे हैं। हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को रोशन करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि इसके लिए एक राष्ट्रीय ऑनलाइन पोर्टल बनेगा जिसमें सभी तरह की सुविधाओं को इंटीग्रेट किया जाएगा।

एक तरह से यह पोर्टल इंटरफेस की तरह काम करेगा। इसमें हर तरह की सुविधा ली जा सकेगी।

### सब्सिडी से लेकर मिलेगी ये सुविधाएं

पीएम ने कहा कि ठोस सब्सिडी से लेकर भारी रियायती बैंक ऋण तक, केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों पर लागत का कोई बोझ न पड़े। यह सब्सिडी सीधे लोगों के बैंक खातों में दी जाएगी।

### सौर प्रणाली के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा

पीएम मोदी ने कहा कि इस योजना को जमीनी स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए, शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योजना से अधिक आय, कम बिजली बिल और लोगों के लिए रोजगार सृजन होगा।

### वायु सेना होगी और मजबूत

# मार्च तक गरजेगा स्वदेशी फाइटर जेट LCA एमके-1 ए

एजेंसी | नई दिल्ली

देश को नवीनतम स्वदेशी लड़ाकू विमान अगले माह मिल जाने की उम्मीद है। स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) का नवीनतम वर्जन एलसीए मार्क-1ए होगा। ये फाइटर जेट नवीनतम स्वदेशी रडार और एवियॉनिक्स से लैस होगा।

केंद्र सरकार ने साल 2021 में एलसीए एमके 1ए की खरीद के लिए मंजूरी दी थी। इससे वायु सेना की लड़ाकू ताकत में इजाफा होगा। अधिकारियों ने कहा कि प्रोजेक्ट समय सीमा पर पूरा हो जाने की राह पर है। साथ ही 83 एलसीए एमके1ए जेट में से पहला ऑर्डर



अगले महीने तक तैयार होने की संभावना है। इस साल अगस्त तक कम से कम चार जेट की डिलीवरी होने की संभावना है। फिलहाल 83 एलसीए मार्क 1ए विमान निर्माणाधीन हैं। इन एलसीए मार्क 1ए 83 विमानों के अलावा, सरकार अतिरिक्त 97 जेट खरीदने के मामले पर भी काम कर रही है। इसके लिए उत्पादन दर में उल्लेखनीय वृद्धि की आवश्यकता होगी। फिलहाल, देश में प्रति वर्ष आठ लड़ाकू विमान बनाने की क्षमता है।

इसे बढ़ाकर प्रति वर्ष 16 विमान करने की दिशा में काम जारी है तथा इसे सालाना 24 एलसीए एमके1ए लड़ाकू विमानों तक बढ़ाने की योजना है। सूत्रों ने कहा कि इसका मकसद एमके1ए की आपूर्ति को कम से कम समय में पूरा करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अगले संस्करण एलसीए एमके2 के लिए उत्पादन क्षमता उपलब्ध हो। इस संस्करण अधिक सक्षम इंजन जीई 414 का उपयोग होगा। इसका उत्पादन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर सौदे के तहत भारत में भी किया जाएगा।

### उन्नत रूप एलसीए एमके 2 का उत्पादन 2027 तक

अधिकारियों ने कहा कि पहला एलसीए एमके2 2027 तक बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए तैयार होने की उम्मीद है। उसका प्रोटोटाइप तैयार करने के लिए काम पहले से ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि विमान के उत्पादन के लिए जिग्स और फिक्स्चर पहले से ही मौजूद हैं। एमके2 पिछले वर्जन की तुलना में अधिक समय तक हवा में रहने में सक्षम होगा। इसमें हथियार ले जाने की क्षमता भी अधिक होगी। अगली पीढ़ी के एडवांस मल्टीरोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के लिए, अधिकारियों ने कहा कि अंतिम मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है।

**आया बसंत झूमकर:** जवाहर कला केंद्र में कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

# 30 सितारों पर सुरीली धुनों से 'बैरागी बसंत' का अभिवादन



**बेधड़क | जयपुर**

मन में उल्लास, चेहरे पर हर्ष और पीतांबर पहन सितार पर राग छेड़ सभी को बसंत के रंग में रंगते कलाकार। कुछ ऐसा नजारा दिखा जवाहर कला केन्द्र में।

मौका था केन्द्र की ओर से आयोजित बसंत पर्व में प्रस्तुतियों का, जिसमें बैरागी बसंत में बसंत से जुड़े गीत और कविताओं ने लुभाया। वादन प्रस्तुति में बांसुरी और तबले की संगत के साथ 30 से अधिक सितारों से निकली सुरीली धुनों ने दिल में ऐसी झंकार पैदा की, जिसने रोम-रोम को बसंतमय कर दिया।

### गीतों से 'बैरागी बसंत' का बखान

बैरागी बसंत कार्यक्रम में कलाकारों ने गीत, भजनों और कविताओं के जरिए बसंत का बखान किया। एंजेल्स म्यूजिक एकेडमी के कलाकारों ने शुरुआत की। इसके बाद 'रुत आ गई रे' बसंत का स्वागत किया। शृंगार रस के साथ शुरू हुई बासंती बहार भक्ति रस के साथ आगे बढ़ी। अतुल सिंह ने सब कुछ सरकार तुम्ही से है.. और श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी.. गाकर माहौल को भक्तिमय बनाया। गायिका शिखा माथुर ने 'ओ पालन हारे', गायिका राधिका तोतला ने 'पिया तोसे नैना लागे रे' गाकर दाद बटोरी। ईशान जैन ने भजन प्रस्तुति दी और तबले पर नरेंद्र सिंह व की-बोर्ड पर शान ने संगत की।





### भगवती स्तोत्र से शक्ति की अराधना

इसके बाद प्रथम पूज्य गणपति की वंदना की गई। कलाकारों ने सितार वादन के साथ गायन कर प्रस्तुति को और मधुर बना दिया। माहौल में मिठास घोलने के लिए पंडित जे. गांधी ने बांसुरी थामी और शृंगार रस में डूबी स्वर लहरियां रंगायन में बिखेर दी। सितार वादकों ने भगवती स्तोत्र बजाकर शक्ति की अराधना की। कलाकारों ने तराना, राग बहार, मेवाड़ी गीत और सूफी कलाम 'छाप तिलक' की धुनों के साथ सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। सितार के तारों से निकली तान थमने पर रंगायन में तालियों की गड़गड़ाहट की गूंज सुनाई दी और इसी के साथ जोरदार स्वागत किया गया ऋतुराज बसंत का।

### सितार और तबला पर छेड़ा बासंती राग

स्ट्रिंग म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया था। 35 प्रतिभागियों ने पं. चंद्र मोहन भट्ट के निर्देशन में सितार की बारीकियां सीखी। कार्यशाला के 30 प्रतिभागियों ने मंगलवार को पं. चंद्र मोहन भट्ट के साथ मंच साझा कर गुरु से सीखे गुर साकार किए। एक साथ सभी सितारों से राग बसंत में निकली सुन ने मां शारदे को नमन किया।

## तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ



**बेधड़क, जयपुर।** सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पतालों के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ सहित सभी कर्मियों ने तंबाकू व अन्य धूम्रपान उत्पादों का सेवन न करने की शपथ ली। सवाई मानसिंह अस्पताल के तंबाकू नियंण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी व ईएनटी विभाग आचार्य डॉ. पवन सिंघल ने बताया कि एसएमएस चिकित्सा महाविद्यालय व नियंत्रक, संलग्न चिकित्सालय के प्रधानाचार्य व नियंत्रक डॉ. राजीव बगरहट्टा की अध्यक्षता में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत सभी विभागों, अस्पताल के कार्मिक, प्रशासकों, नर्सिंग कर्मी, चिकित्सकों विद्यार्थियों ने तंबाकू का किसी भी रूप में उपभोग नहीं करने की शपथ ली। डॉ. सिंघल ने बताया, कि राज्य के चिकित्सा संस्थानों को भारत सरकार के स्तर से निर्धारित किए गए 9 इंडिकेटर्स के अनुसार तंबाकू मुक्त क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रथम चरण में मेडिकल कॉलेज परिसर को तंबाकू मुक्त क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

## 'गोविंद' का पाटोत्सव आज

**बेधड़क. जयपुर।** गोविंद देवजी मंदिर का पाटोत्सव बसंत पंचमी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंगला झांकी के बाद सुबह 5 से 5:15 बजे तक ठाकुरजी का वेद मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया जाएगा। धूप झांकी खुलने पर पहले अधिवास पूजन होगा। इसके बाद धूप आरती होगी। बसंत पंचमी पर ठाकुरजी को पीली पोशाक धारण कराई जाएगी। शृंगार झांकी के बाद मां भगवती सरस्वती देवी पूजन जगमोहन मध्य में ठाकुर श्रीजी के सन्मुख होगा।

## सूरजकुंड मेले में जयपुर की कला



**बेधड़क. जयपुर।** फरीदाबाद हरियाणा में 37वें सूरजकुंड मेले में जयपुर का टैलेंट भी दिखा। मेले में आर्ट व कल्चर विभाग की ओर से 3 दिवसीय नेशनल लेवल आर्ट वर्कशॉप का भी आयोजन हुआ, जिसमें जयपुर महिला चित्रकार नीलू कांवरिया, भावना सक्सेना और सावित्री शर्मा ने कला का प्रदर्शन किया। नीलू कांवरिया ने मानवीय संवेदनाओं को चेहरे ऊकेर कर दर्शाया तो भावना सक्सेना की पेंटिंग में फड़ शैली में राधा-कृष्ण के प्रेम को दर्शाया गया। ऐसे ही सावित्री ने लघु चित्र शैली में नायिका के सौंदर्य को चित्रित किया।

## City इवेंट्स

### जैन मंदिरों में गूंजे जयकारे



**बेधड़क, जयपुर।** जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ के जन्म व तप कल्याणक दिवस पर दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। तत्पश्चात अष्ट द्रव्य से भगवान की पूजा की गई। जयकारों के बीच जन्म कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। इसी प्रकार तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए तप कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया।

### 'व्हाट-ए-किस्मत' का ट्रेलर किया एंजॉय



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुराइट्स ने चांदनी बार के राष्ट्रीय पुरस्कार नामित लेखक की कॉमेडी फिल्म 'व्हाट ए किस्मत' के ट्रेलर को एंजॉय किया। अभिनेता युद्धवीर दहिया, वैष्णवी पटवर्धन, रोनित अग्रवाल, श्रीकांत मस्की, गायक और संगीत निर्देशक गोल्डी ने इस मौके पर अनुभव बताए। शूटिंग मध्य प्रदेश के सेहोर में हुई है। जयपुराइट्स को मूवी में युद्धवीर दहिया, वैष्णवी, मानसी, टीकू तल्सानिया, भरत दाभोलकर, रोनित अग्रवाल, भावना बलसावर, श्रीकांत मास्की, आनंद मिश्रा, रिया चौधरी और अतुल की स्टार कास्ट एंटरटेन करेगी।

### महोत्सव में पुजारियों का सम्मान




**बेधड़क, जयपुर।** सर्व हिंदू समाज की ओर से हसनपुरा के तलाई वाले वीर हनुमान मंदिर में वसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर महोत्सव का आयोजन किया गया। गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज और संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा थे। विभिन्न समाजों के 75 लोगों के हसनपुरा इलाके के सभी मंदिरों के पुजारियों का सम्मान किया गया।

**गायत्री शक्तिपीठ में बसंत पंचमी महोत्सव**

## दिनभर अखंड जप और शाम को दीपयज्ञ, अक्षत की दी आहुतियां



**बेधड़क | जयपुर**

अखिल विश्व गायत्री परिवार के सभी शक्तिपीठ और चेतना केन्द्रों में बसंत पंचमी महोत्सव मनाया जाएगा और इससे पहले दिनभर अखंड जप और शाम को दीपयज्ञ हुए। लोगों ने प्रज्वलित दीपकों में अक्षत के माध्यम से आहुतियां अर्पित कीं।

ब्रह्मपुरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में मंगलवार को 2 दिवसीय बसंत पंचमी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने बताया कि सुबह 6 से शाम 4 बजे तक सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ गायत्री महामंत्र का अखंड जाप किया गया। शाम 4:30 बजे 2 वर्षीय मातृ श्रद्धांजलि ब्रह्मास्त्र साधना अनुष्ठान का संकल्प कराया गया। अब दूसरे दिन बुधवार को सुबह 8 बजे देवपूजन के बाद पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित की जाएंगी। सुबह 9 बजे से पर्व पूजन और नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ होगा। इस मौके पर गायत्री परिवार की संस्थापक भगवती देवी शर्मा माताजी व अखंड दीप जन्म शताब्दी साधना का संकल्प कराया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ वाटिकाः सांगानेर स्थित गायत्री शक्तिपीठ वाटिका में बसंत पंचमी उत्सव के अंतर्गत सुबह 8 बजे से देवपूजन के बाद पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा। इस मौके पर दीक्षा, पुंसवन, यज्ञोपवीत, जन्म दिवस सहित अन्य संस्कार भी कराए जाएंगे। यज्ञ के बाद प्रसादी होगी। गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ बसंत पंचमी उत्सव मनाया जाएगा।

**प्लेयर्स ने जमकर लगाए शॉट्स**

## टेबलिंटन में अनुराग, दीपक अखिल-त्रिवेणी ने जीते मैच



**बेधड़क | जयपुर**

प्लेयर्स ने जोश और जूनून के शॉट्स लगाए तो उनकी मेहनत जीत के रूप में सामने आई। सभी ने जश्न भी मनाया और अगले मुकाबलों के लिए खुद को तैयार भी किया। नजारा था निविक टेबलिंटन में सख्त मुकाबलों का, जिसमें कई बेहतरीन मैच देखने को मिले। मुख्य संयोजक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि टीम इवेंट में वर्ग में यू डेंट ने डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. मणि दुबे व डॉ. अलका जैन के सराहनीय खेल से 3-1 से जीत हांसिल करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य टाई में केडीजी ने जीत पाई। केडीजी टीम ने डॉ. विशाल गुप्ता के नेतृत्व में जबरदस्त प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस के संयोजक डॉ. अजय नायर व डॉ. संकल्प अवस्थी ने बताया कि टेबल टेनिस टीम इवेंट में क्रैडल ने देशबंधु को 8-0 से हराया। सीडीएच ने जीत पाई। दाना शिवम ने देशबंधु को 7-3 से हराया। वहीं, सबसे जबरदस्त मुकाबला डॉ. सीपी सुथार व डॉ. शिवराज के बीच रहा। 5 सेट चले मुकाबले में डॉ. सीपी सुथार विजयी रहे। डॉ. दीपक गुप्ता और डॉ. लोकेश छबलानी, डॉ. अखिल गोयल और डॉ. द्वित वोरा, डॉ. त्रिवेणी ढाका और डॉ. प्राची माहेश्वरी, डॉ. अनुराग शर्मा और डॉ. आदित्य मूंदड़ा के बीच टक्कर के मुकाबले हुए। इनमें दीपक गुप्ता, अखिल गोयल, त्रिवेणी ढाका, अनुराग शर्मा ने विजय प्राप्त की। कैरम संयोजक डॉ. अरुण परतानी व डॉ. के के शांडिल्य ने बताया कि डॉ. चंचल सिंघल व डॉ. सीपी सुथार का उम्दा प्रदर्शन रहा।

**पोस्टर लॉन्च** | **उत्पत्ति दिवस पर खंडेलवाल समाज निकालेगा शोभायात्रा**

# बसंत पंचमी पर भक्ति के रंग में रंगेगी गुलाबी नगरी

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी एक बार फिर भक्ति के रंग में रंगेगी। जयकारों के साथ मुख्य मार्गों से होते हुए शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें शामिल लोग स्वच्छता का भी संदेश देंगे। मौका होगा श्रीखण्डेलवाल वैश्य हितकारिणी सभा की ओर से बसंत पंचमी पर मनाए जाने वाले खण्डेलवाल समाज के उत्पति दिवस का। मंगलवार को शोभयात्रा के पोस्टर का विमोचन किया गया।



बुधवार को शोभायात्रा श्री राममंदिर हीदा की मोरी से रामगंज बाजार, त्रिपोलिया बाजार, चांदपोल बाजार होते हुए स्टेशन रोड़ स्थित मां गंगा माता के मंदिर तक जाएगी। यात्रा के लवाजमा में हाथी, ऊंट, घोड़े, बग्घियां तथा कई रथ होंगे, जिनमें समाज के संत सुन्दरदासजी महाराज, संत बलरामदासजी महाराज, मां सरस्वति, मां गंगा के चित्र के साथ भगवान श्री राम की दिव्या झांकी और समाज के अतिथियों को बिराजमान किया जाएगा।

### ये उतारेंगे शोभयात्रा में आरती

हितकारिणी सभा अध्यक्ष डॉ. दिनेश सेठी ने बताया कि बसंत ऋतु में बसंत पंचमी पर खण्डेलवाल दिवस वर्षों से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद किलकिल्या (पीलवा वाले), विशिष्ठ अतिथि जगदीश प्रसाद माणक बोहरा, ओमप्रकाश कूलवाल तथा अनिल खण्डेलवाल होंगे। साथ ही उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी, विधायक बालमुकुन्दाचार्य महाराज, गोपाल शर्मा, कालीचरण सराफ, सांसद रामचरण बोहरा यात्रा में सम्मिलित होकर आरती उतारेंगे।

### 2500 महिलाएं पीली साड़ी में होंगी शामिल

यात्रा में 2500 महिलाएं पीली साड़ी व बन्धु पीला कुर्ता व साफा पहनकर सम्मिलित होंगे। हितकारिणी सभा के पूर्व अध्यक्ष सोहन लाल ताम्बी ने बताया कि सन 1947-48 में बालिका शिक्षा को महत्वपूर्ण मानते हुए खण्डेलवाल वैश्य बालिका विद्यालय का श्रीगणेश किया गया था।

अब तक की सबसे बड़ी खोज यह है कि व्यक्ति महज़ अपना दृष्टिकोण बदल कर अपना भविष्य बदल सकता है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## दो दिवसीय यात्रा पर यूएई पहुंचे पीएम, राष्ट्रपति नाहयान के साथ की द्विपक्षीय वार्ता

# UAE के राष्ट्रपति ने प्रोटोकॉल तोड़ मोदी की अगवानी

**एजेंसी** | अबू धाबी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खाड़ी देशों की यात्रा के बीच संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे हैं। इस दौरान उनका अबू धाबी में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ भव्य स्वागत किया गया। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

पीएम मोदी ने इस अवसर को दोनों देशों के संबंधों में एक अद्भुत क्षण बताया। उन्होंने अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर के निर्माण के लिए यूएई के राष्ट्रपति को धन्यवाद भी दिया। पीएम मोदी बुधवार को स्वामीनारायण संप्रदाय के बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे।



### पीएम के साथ होगी चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी अपने यूएई के समकक्ष मोहम्मद बिन राशिद के साथ भी चर्चा करेंगे। इसमें दुबई के साथ बहुआयामी संबंधों को मजबूत करने पर फोकस होगा। प्रधानमंत्री बीएपीएस मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।



### भारत-यूएई ने समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई और उनकी मौजूदगी में कई समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए खाड़ी देश के शीर्ष नेताओं के साथ व्यापक बातचीत करेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी का सातवां यूएई दौरा

2015 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का यह सातवां यूएई दौरा है। यूएई पहुंचने पर मोदी ने एक ट्वीट में कहा, अबू धाबी हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए समय निकालने के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद का बहुत आभारी हूं। मैं एक उपयोगी (प्रोडक्टिव) यात्रा की उम्मीद कर रहा हूं, जो भारत और यूएई के बीच मित्रता को और मजबूत करेगी।

### भारत-यूएई के हर क्षेत्र में करीबी रिश्ते

यूएई के राष्ट्रपति के साथ बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा मैं जब भी यहां आता हूं, तो मुझे हमेशा लगता है कि मैं अपने परिवार से मिलने आया हूं। हम पिछले सात महीनों में पांच बार मिले हैं। यह बताता है कि हमारे कितने करीबी रिश्ते हैं। उन्होंने कहा, हर क्षेत्र में भारत और यूएई के बीच साझा भागीदारी है। बैठक में मौजूद भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और विदेश सचिव विनय क्वात्रा शामिल थे।

## राफा पर हमले के बाद नाराज हुआ यूरोपीय संघ

# ‘इजराइल को हथियारों की सप्लाई रोके अमेरिका’

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

राफा शहर पर हमले के बाद इजराइल पर दुनियाभर से दबाव पड़ना शुरू हो गया है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने मांग की है कि इजराइल के सहयोगी खासकर अमेरिका, इजराइल को हथियारों की सप्लाई करना बंद करे। बोरेल ने कहा कि गाजा में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं। बीते हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेप ने कहा था कि इजराइल की सैन्य कार्रवाई चरम पर पहुंच चुकी है। बोरेल ने बाइडेन के उस बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि लोग मारे जा रहे हैं तो आपको कम मात्रा में हथियार देने चाहिए ताकि कई लोगों को मरने से बचाया जा सके।



### बोरेल ने पूछा क्या किसी प्रमुख देश के नेता ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जताई?

ब्रुसेल्स में मीडिया से बात करते हुए बोरेल ने कहा कि अमेरिका का युद्ध पर चिंता जताना और इजराइल को हथियारों की सप्लाई जारी रखना लॉजिकल नहीं है। बोरेल ने कहा कि ‘कितनी बार प्रमुख देशों के नेताओं और विदेश मंत्रियों ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जताई है। अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लगता है कि नरसंहार हो रहा है और बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं तो हमें शायद हथियारों के बारे में सोचने की जरूरत है।’ इजराइल ने गाजा के राफा में हमले शुरू कर दिए हैं। गाजा पर हमले के बाद बड़ी संख्या में लोग राफा पहुंचकर वहां शरण लिए हुए थे।

### इजराइल ने UNRWA पर लगाए थे आरोप

इस दौरान संयुक्त राष्ट्र की UNRWA के प्रमुख फिलिप लाजारनी भी मौजूद थे। इस्राइल ने बीते दिनों आरोप लगाया था कि UNRWA के लोग भी इजराइल पर बीते 7 अक्टूबर को हुए हमले में शामिल थे। इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी फॉर फिलिस्तीन रिफ्यूजी (UNRWA) पर रोक लगाने की मांग की थी। इजराइल के आरोपों के बाद कई देशों ने यूएनआरडब्लूए की फंडिंग रोकने का ऐलान कर दिया था।

## PML-N नेताओं की जीत को दी गई थी चुनौती

# PTI समर्थित प्रत्याशियों की याचिकाएं खारिज

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की एक अदालत ने पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों की तीस से ज्यादा याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज सहित पीएमएल-एन के शीर्ष नेताओं की जीत को चुनौती दी गई थी। पीटीआई पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी है। जो भ्रष्टाचार के मामले में इन दिनों रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। लाहौर उच्च न्यायालय ने इन याचिकाओं को खारिज किया है। अदालत ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवारों से कहा कि आम चुनाव में हुई कथित धांधली की अपनी शिकायतों के समाधान के लिए चुनाव आयोग (ईसीपी) में जाएं। पीटीआई की यास्मीन राशिद ने नवाज शरीफ के खिलाफ चुनाव लड़ा था। उन्होंने लाहौर की एनए-130 सीट पर जीत का दावा किया है। उन्होंने प्रतिवादियों की जीत को ‘शर्मनाक’ करार दिया और आरोप लगाया कि निर्वाचन अधिकारियों ने परिणामों को एकत्र किया और फॉर्म-47 (परिणाम पत्र) तैयार किया। उन्होने आरोप लगाया कि ताकत का गलत इस्तेमाल किया गया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अली बकर नजफी ने याचिकाओं पर सुनवाई की।

### आतंकी पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग

**टोरंटो।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग की घटना सामने आई है। द गार्जियन के अनुसार, ब्रैम्पटन में आतंकी के करीबी इंद्रजीत सिंह गोसल के घर की खिड़की पर गोली का छेद मिला है। हालांकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## पाक के हर नागरिक पर 2 लाख 70 हजार से ज्यादा का कर्ज

# पाकिस्तान पर चढ़ा कर्ज का पहाड़

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

कंगाल पाकिस्तान पर कर्ज का पहाड़ अपने चरम पर पहुंच गया है। पाकिस्तान का कुल कर्ज और देनदारी अब 81.2 ट्रिलियन रुपए तक पहुंच गया है।

पाकिस्तान के कर्ज में पिछले साल 27 प्रतिशत की तेजी आई है। पाकिस्तान पर चढ़ा यह कर्ज का पहाड़ अब नई सरकार के सामने बड़ी मुसीबत बनने जा रहा है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने देश के कुल कर्ज और देनदारी के बढ़ने का खुलासा किया।

पिछले एक साल में पाकिस्तान के कर्ज में 17.4 ट्रिलियन रुपए की वृद्धि हुई है। पाकिस्तान पर दिसंबर 2022 से लगभग हर दिन औसतन 48 अरब रुपए का कर्ज बढ़ता चला गया। अब पाकिस्तान के हर नागरिक पर कर्ज 2,71,624 रुपए तक पहुंच गया है। इस कर्ज में 25.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## फेडरल ट्रेड कमीशन-2023 की रिपोर्ट

# अमेरिकियों से 75 हजार करोड़ की ठगी

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

साल 2023 में अमेरिकियों को धोखाधड़ी के चलते 75 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। यह एक नया रिकॉर्ड है। यह डेटा फेडरल ट्रेड कमीशन की ऑफिशियल वेबसाइट की रिपोर्ट में सामने आया है, जो अमेरिका की एक स्वतंत्र सरकारी एजेंसी है। सबसे ज्यादा धोखाधड़ी वाला मामला ‘निवेश’ से जुड़ा है। इसमें लोगों ने 38,000 करोड़ रुपए गंवाए। दरअसल, डिजिटल टूल्स की वजह से अमेरिकियों को निशाना बनाना पहले से ज्यादा आसान हो गया है। बीते साल ‘ऑनलाइन शॉपिंग’ पर होने वाली ठगी पैसे गंवाने की दूसरी सबसे बड़ी वजह थी। इसके बाद पुरस्कार, लॉटरी व्यापार और नौकरी के अवसरों के नाम पर ठगी के मामले थे।



### सबसे ज्यादा ई-मेल का किया इस्तेमाल

ठगों ने पहली बार सबसे ज्यादा ‘ई-मेल’ का इस्तेमाल कर लोगों को निशाना बनाया। इसके बाद ‘फोन कॉल’, ‘टेक्स्ट संदेशों’ व ‘सोशल मीडिया’ के जरिए ठगी की। धोखाधड़ी के मामले 2022 और 2023 में 2.6 करोड़ थे। साल 2022 में अमेरिकियों को 69 हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। ये आंकड़ा 2023 में बढ़कर 83 हजार करोड़ हो गया। इसमें 14% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके अलावा अमेरिका में प्रति व्यक्ति औसतन नुकसान भी बढ़ गया है। 2019 में ये आंकड़ा 2.45 लाख था, जबकि 2023 में औसतन एक अमेरिकी को 5.7 लाख का नुकसान हुआ।

### निवेश के नाम पर 38 हजार करोड़ की धोखाधड़ी

2023 में अमेरिका में ‘निवेश’ के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इसमें लोगों को 38 हजार करोड़ रुपए गंवाने पड़े हैं। हालांकि, सबसे आम धोखाधड़ी की रिपोर्ट में जालसाजी के मामले रहे। इससे शिकार हुए लोगों को लगभग 32 हजार करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा। इन मामलों में, ठग सरकारी अधिकारियों या व्यावसायिक प्रतिनिधियों के रूप में पेश आते थे और लोगों को धोखा देते थे।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl